चैत्र कृष्णा - 14 | संवत 2080 | वर्ष - 19 | अंक - 252 | पृष्ठ - 8 | रु. 5/- | बेंगलूरु » सोमवार » 08-04-2024 | www.dakshinbharat.com | Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 भाजपा नेता खुद को क्या भगवान समझते हैं : तेजस्वी यादव

6 मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

7 संजय लीला भंसाली की फिल्म काम करना चाहती है नोरा फतेही



## फर्स्ट टेक

### प्रधानमंत्री की रैली में ग़लती के लिए ट्रोल हुए नीतीश

**नवादा/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को रविवार को सोशल मीडिया पर यह भविष्यवाणी करने के लिए ट्रोल किया गया कि राजग लोकसभा की स्वीकृत संख्या से कई गुना अधिक ''चार हजार से अधिक सीटें'' जीतेगा। जदयू प्रमुख ने नवादा जिले में एक रैली में अपने संबोधन के दौरान यह गलती की, इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां मौजूद थे । कुमार के भाषण का जो हिस्सा वायरल हो गया है, उसमें उन्हें खुद को सही करने से पहले ''चार लाख बोलते हुए और प्रधानमंत्री की ओर मुड़ कर चार हजार से भी ज्यादा (4000 से अधिक) कहते सुना जा सकता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 645.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई/एजेन्सी।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में जबरदस्त बढोतरी होने से 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 642.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.4 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 570.62 अरब डॉलर हो गया।

### कन्नूर विस्फोट मामले में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**कन्नूर (केरल)/भाषा।** केरल के कन्नूर जिले के पनूर में हुए विस्फोट के मामले में रविवार को एक और संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पनूर में शुक्रवार को हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की जान चली गई और तीन अन्य घायल हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति अमल बाबू डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) से जुड़ा है। अमल के अलावा दो अन्य लोगों मिथुन और शिबिन को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

### इजराइल के दूतावास सुरक्षित नहीं : ईरान

**यरूशलम/एपी।** ईरान के एक शीर्ष सैन्य सलाहकार ने हाल में दमिश्क में हुए हमले के बाद रविवार को इजराइल को चेतावनी दी कि उसके दूतावास सुरक्षित नहीं हैं। सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक हवाई हमले में ईरान के दो जनरल की मौत हो गई थी। हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। हमले में ईरान का वाणिज्य दूतावास नष्ट हो गया था।

| सूर्यास्त 08-04-2024 | सूर्योदय 09-04-2024 |
|---|---|
| 6:31 बजे | 6:10 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 74,248.22 | 22,513.70 |
| (+20.59) | (-0.95) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,200 रु. | 80,666 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### सच्चे-झूठे

कहे इक दूसरे की घोषणा को,
झूठ का फण्डा।
सभी कहते अकड़ करके,
हमारा ऊर्ध्व है झण्डा।
पता पब्लिक को है किसका भरा,
अब पाप का भण्डा।
ये सच मालूम होगा जब,
पड़ेगा वोट का डण्डा।।

# कांग्रेस बोल रही है टुकड़े-टुकड़े गैंग की भाषा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



- इंडी गठबंधन भारत के एक और विभाजन करने की बात करता हैं।
- कांग्रेस के लोग सुन लें और समझ लें, जम्मू कश्मीर भारत का हिस्सा है और उसकी रक्षा हमें करनी है।
- यह वह समय है जब हम मिल कर काम करें तो भारत विकसित हो सकता है। भारत अपनी गरीबी दूर कर सकता है। हमें इस मौके को गंवाना नहीं है।

**नवादा/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर आज जोरदार हमला किया और कहा कि वह टुकड़े-टुकड़े गैंग की भाषा बोल रही है और कह रही है कि राजस्थान या देश के अन्य हिस्से के लोगों का जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने से क्या वास्ता है। मोदी ने रविवार को नवादा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजस्थान में भाषण के दौरान कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का राजस्थान या देश के अन्य हिस्सों से क्या लेना देना है। प्रधानमंत्री यहां आकर धारा 370 की बात क्यों करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी यह बात सुनकर उन्हें शर्म आई। क्या जम्मू कश्मीर हमारा नहीं है।

मोदी ने सख्त लहजे में कहा कि कांग्रेस के लोग सुन लें और समझ लें, जम्मू कश्मीर भारत का हिस्सा है और उसकी रक्षा हमें करनी है। बिहार, राजस्थान के साथ देश के अन्य हिस्से के अनेक नौजवानों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। कितने ही वीर जवान जम्मू-कश्मीर को बचाने के लिए तिरंगा में लिपट करके लौटे हैं। ऐसे शहीद जवानों के परिवार से यह पूछना कि उनका धारा 370 से क्या लेना देना, शर्मनाक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह टुकड़े-टुकड़े गैंग का ही प्रभाव है कि ये लोग (कांग्रेसी) ऐसी भाषा बोलने लगे हैं। ऐसी भाषा बोलने वालों और शहीदों के अपमान करने वालों को माफ नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग भारत के एक और विभाजन करने की बात करते हैं। कांग्रेस के एक नेता तो खुलेआम बयान दे रहे हैं कि वह दक्षिण भारत को अलग कर देंगे। जनता ऐसी सोच रखने वाली पार्टी को इस चुनाव में जरूर सबक सिखाएगी। मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार ने जो काम किए हैं उसकी झलक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को मिल रहे जन समर्थन में दिख रही है। उन्होंने कहा, लाल किले से मैंने कहा था यही समय है सही समय है। भारत के इतिहास में कई शताब्दियों के इंतजार के बाद यह समय आया है। यह वह समय है जब हम मिल कर काम करें तो भारत विकसित हो सकता है। भारत अपनी गरीबी दूर कर सकता है। हमें इस मौके को गंवाना नहीं है और इसलिए 2024 का यह चुनाव बहुत अहम हो गया है।

भाजपा की ओर से थोपी गई

## 'बेरोजगारी' लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में 'भाजपा द्वारा थोपी गई' बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। उन्होंने दावा किया कि युवा रोजगार पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और देश ''जनसांख्यिकीय दु:स्वप्न' का सामना कर रहा है।

खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, युवा न्याय' के तहत कांग्रेस की 'पहली नौकरी पक्की' गारंटी काम और सीखने को अलग करने वाली बाधाओं को दूर करेगी, जिससे करियर के विकास के नए रास्ते खुलेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया, इस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है, जो भाजपा द्वारा थोपी गई है। हमारे युवा नौकरी पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, और हम जनसांख्यिकीय दु:स्वप्न का सामना कर रहे हैं।

भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के मामले का हवाला देते हुए खरगे ने दावा किया कि 12 आईआईटी में, लगभग 30 प्रतिशत छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, 21 आईआईएम में से केवल 20 प्रतिशत ही अब तक ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट पूरा कर सके हैं। अगर आईआईटी और आईआईएम में यह स्थिति है, तो कोई कल्पना कर सकता है कि भाजपा ने किस तरह से देश भर में हमारे युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के तहत युवा बेरोजगारी की दर 2014 के बाद से तीन गुना हो गई है।

## विस्तारा ने उड़ानें 10 प्रतिशत घटाईं

**नई दिल्ली/भाषा।** एयरलाइन विस्तारा पायलट संकट के बीच परिचालन को स्थिर करने का प्रयास करते हुए अपनी क्षमता में 10 प्रतिशत या लगभग 25-30 उड़ानें प्रतिदिन कम कर रही है। एयरलाइन को उम्मीद है कि अप्रैल में परिचालन स्थिर रहेगा। विस्तारा को 31 मार्च से शुरू हुए ग्रीष्मकालीन सारिणी में प्रतिदिन 300 से अधिक उड़ानें संचालित करनी थीं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने रविवार को बयान में कहा, हम सावधानीपूर्वक अपने परिचालन को प्रतिदिन लगभग 25-30 उड़ानों तक कम कर रहे हैं। यह हमारी दैनिक परिचालन क्षमता का लगभग 10 प्रतिशत है। यह हमें फरवरी, 2024 के अंत में उड़ान संचालन के उसी स्तर पर वापस ले जाएगा, और रोस्टरों में बहुत आवश्यक लचीलापन और बफर प्रदान करेगा। कंपनी के अनुसार, ये रद्दीकरण ज्यादातर घरेलू नेटवर्क पर और ग्राहकों की असुविधा को कम करने के लिए समय से काफी पहले किए जाते हैं।

## व्यवसायिक नैतिकता पर कभी समझौता न करें : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गया/एजेन्सी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नेतृत्व में मूल मूल्यों के महत्व को रेखांकित किया और युवाओं को प्रलोभनों एवं अनैतिक शॉर्टकटों के आगे झुकने के प्रति आगाह करते हुए आज कहा कि नैतिक नेतृत्व पर समझौता नहीं किया जा सकता।

धनखड़ ने रविवार को आईआईएम (भारतीय प्रबंधन संस्थान), बोधगया के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, नैतिक नेतृत्व पर समझौता नहीं किया जा सकता। नैतिकता से समझौता करने से आप उस तरह का विजेता नहीं बन सकते, जिसे दुनिया सलाम करेगी।

उपराष्ट्रपति ने देश की आर्थिक प्रगति की र ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि भारत आज विश्व अर्थव्यवस्था के लिए आशा की नई किरण बनकर उभरा है। उन्होंने देश की समृद्धि और संप्रभुता के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद के महत्व को रेखांकित किया नागरिकों से 'स्वदेशी' और 'वोकल फॉर लोकल' को राष्ट्रीय आदत बनाने की अपील करते हुए कहा कि ऐसा करने से हमारे विदेशी मुद्रा भंडार में महत्वपूर्ण सकारात्मक योगदान होगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा।

धनखड़ ने कहा कि विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) जैसी संस्थाएं जो कभी हमें सलाह देती थीं वो आज भारत के वित्तीय समावेशीकरण और डिजिटल सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसी उपलब्धियों की सराहना करती हैं।

## समाज में जाति, लैंगिक आधार पर भेदभाव समाप्त किए जाएं : मोहन भागवत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वडोदरा/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने समाज में जाति और लैंगिक आधार पर भेदभाव को खत्म करने के लिए विशेष प्रयास किये जाने का रविवार को आह्वान किया।

आरएसएस प्रमुख गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहां बुद्धिजीवियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। आरएसएस की एक विज्ञप्ति के अनुसार वह दक्षिण गुजरात के भरूच में शनिवार को एक ऐसे ही कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

बैठक को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि 'सज्जन शक्ति' को संगठित किया जाना चाहिए और सद्भाव, पारिवारिक शिक्षा, रीति-रिवाजों का पालन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी मूल्यों की जागृति और नागरिक कर्तव्य में शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रयास किये जाने चाहिए।

विज्ञप्ति में भागवत के हवाले से कहा गया है, ''समाज में जाति और लैंगिक आधार पर भेदभाव को खत्म करने के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए।'' इसके अनुसार बैठक के दौरान, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कला, साहित्य और सामाजिक परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों ने अपनी परियोजनाओं के बारे में अपने विचार व्यक्त किये।

विज्ञप्ति के अनुसार भागवत सोमवार की सुबह गुजरात से रवाना होने से पहले रातभर अहमदाबाद में रुकेंगे।

विपक्ष ने मौका गंवाया

## भाजपा को पूर्व व दक्षिण में बढ़त मिल सकती है : प्रशांत किशोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। जाने-माने राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावों को मान्य करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी दक्षिण और पूर्वी भारत में अपनी सीट एवं मत प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी। कर्नाटक को छोड़कर इन दो क्षेत्रों में पार्टी बहुत कमजोर है।

किशोर ने 'पीटीआई' के संपादकों के साथ बातचीत में यह भी कहा कि भाजपा के स्पष्ट प्रभुत्व के बावजूद, न तो पार्टी और न ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अजेय हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि विपक्ष के पास भाजपा के रथ को रोकने की तीन विभिन्न और यथार्थवादी संभावनाएं थीं, लेकिन आलस्य और गलत रणनीतियों के कारण उन्होंने अवसरों को गंवा दिया।

किशोर ने कहा, वह (भाजपा) तेलंगाना में पहली या दूसरी पार्टी होगी जो एक बड़ी बात है। वह निश्चित रूप से ओडिशा में नंबर एक होगी। उन्होंने कहा, आपको आश्चर्य होगा क्योंकि मेरी राय में पूरी संभावना है कि भाजपा पश्चिम बंगाल में नंबर एक पार्टी बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में भाजपा का मत प्रतिशत दोहरे अंक में पहुंच सकता है।

तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बिहार और केरल में लोकसभा की कुल 204 सीट हैं, लेकिन भाजपा 2014 या 2019 में इन सभी राज्यों में 50 सीट भी नहीं जीत सकी थी। उसने इन राज्यों में 2014 में 29 और 2019 में 47 सीट हासिल की थीं। देश में लोकसभा की कुल 543 सीट हैं।

हालांकि, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भाजपा के अपने लक्ष्य के मुताबिक, 370 सीट जीतने की संभावना नहीं है।

## पाकिस्तान यूरोबॉन्ड के बदले एक अरब डॉलर चुकाने को तैयार

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान इस महीने के मध्य में परिपक्व वाले 10 साल के यूरोबॉन्ड के बदले एक अरब डॉलर का विदेशी ऋण चुकाने को तैयार है। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बॉन्ड की बिक्री के माध्यम से जुटाया गया कर्ज सात अरब डॉलर से कम हो जाएगा। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' को बताया कि वह किसी भी समय बॉन्ड चुकाने के लिए तैयार है और वित्त मंत्रालय से ऐसा करने के निर्देश मिलने का इंतजार कर रहा है। इस कदम से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में यूरोबॉन्ड और सुकुक्स (इस्लामिक वित्त में उपयोग किए जाने वाले बॉन्ड जैसे उपकरण) की बिक्री के माध्यम से प्राप्त ऋण सात अरब डॉलर से कम हो जाएगा।



# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 'आप' नेताओं ने किया सामूहिक अनशन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी के प्रमुख नेता रविवार को यहां जंतर-मंतर पर एक दिवसीय अनशन पर बैठे। आप नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तानाशाही करने का आरोप लगाया।

पार्टी के कई कार्यकर्ता और समर्थक एक दिवसीय अनशन में शामिल हुए। उन्होंने देशभक्ति के गीत गाए और सलाखों के पीछे केजरीवाल की तस्वीर दिखाने वाले पोस्टर लहराए। पार्टी नेताओं ने कहा कि अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेश में भी भारतीय इस प्रकार का विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें बोस्टन में हार्वर्ड स्क्वायर, लॉस एंजिलिस में हॉलीवुड साइन, वाशिंगटन में भारतीय दूतावास के बाहर, न्यूयॉर्क टाइम्स स्क्वायर और टोरंटो, लंदन तथा मेलबर्न समेत कई स्थानों पर उनका प्रदर्शन शामिल हैं। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल, उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, मंत्री आतिशी, गोपाल राय और इमरान हुसैन सहित 'आप' के कई वरिष्ठ नेता सुबह 11 बजे से राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर दिन भर के 'सामूहिक अनशन' पर बैठे।

जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा, केजरीवाल ईमानदार थे, हैं और रहेंगे। उच्चतम न्यायालय ने




सिंह को हाल में दिल्ली आबकरी नीति में हुए कथित घोटाले में जमानत दी है। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सवाल उठाया। उन्होंने दावा किया कि इस मामले की जांच कर रही केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी के 456 गवाहों में से केवल चार ने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक के नाम का उल्लेख किया था।

सिंह ने कहा, लोग अच्छी तरह से जानते हैं कि किस परिस्थिति में इन गवाहों ने केजरीवाल का नाम लिया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को सत्ता से बाहर करने के लिए आप और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवारों को जीताने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। दिल्ली की मंत्री अतिशी ने भाजपा पर तानाशाही करने का आरोप लगाया और दावा किया कि आप का एक दिवसीय अनशन भाजपा की रातों की नींद उड़ा देगा।

उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोगों में गुस्सा है और यह भाजपा के ''ताबूत में आखिरी कील'' साबित होगी। पार्टी नेताओं ने बताया कि आप शासित पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और कई मंत्री स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के गांव खटकर कलां में सामूहिक अनशन में शामिल हुए हैं। 'आप' की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने लोगों से केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में अनशन में शामिल होने की अपील की थी।

## कुशासन के चलते राष्ट्रविरोधी ताकतों का केंद्र बन गया है केरल : फडणवीस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने रविवार को यहां कहा कि वर्षों से केरल में सत्ता में रहीं पार्टियों के कुशासन और वोट बैंक की राजनीति के कारण राज्य राष्ट्र-विरोधी ताकतों का केंद्र बन गया है। भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान के तहत राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम में मौजूद फडणवीस ने कहा कि केरल को सबसे आगे रहना चाहिए था और देश की तकनीकी और नई आर्थिक क्रांति का नेतृत्व करना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि हालांकि वाम लोकतान्त्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतंत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के भ्रष्टाचार और उत्पीड़न के समान एजेंडे के कारण, राज्य अपनी उच्च साक्षरता दर और अद्भुत प्रतिभा के बावजूद, पीछे की ओर जा रहा है, आगे की ओर नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुशासन के कारण, यह (केरल) राष्ट्र-विरोधी ताकतों का केंद्र बन गया है और सिर्फ वोट बैंक के लिए, स्थानीय सरकारें राष्ट्र-विरोधी ताकतों को बचा रही हैं।

फडणवीस ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, इसलिए मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि केरल को मुख्यधारा में आना चाहिए। हाल में कन्नूर में हुए बम विस्फोट के बारे में पूछे जाने पर, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे, फडणवीस ने कहा कि यहां राजनीति का अपराधीकरण हमेशा से रहा है। पुलिस के अनुसार इस घटना में शामिल सभी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ता हैं। फडणवीस ने कहा, अब निर्वाचन आयोग सक्रिय है, ऐसे सभी प्रयासों का पर्दाफाश किया जाएगा।



## देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने पर आमादा है कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

**ऊना (हिमाचल प्रदेश)/भाषा।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि कांग्रेस देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने पर आमादा है और देश को जाति और पंथ के नाम पर बांट रही है। ठाकुर ने ऊना के बसदेहरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अनुसूचित जाति सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का चुनाव घोषणापत्र देश को बांटने वाला है। उन्होंने कहा कि गुलामी की मानसिकता वाला कांग्रेस का घोषणापत्र अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति की तर्ज पर है।

भाजपा नेता ठाकुर ने कहा कि भारत का संविधान लिखने में डॉ. भीमराव आंबेडकर की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने कहा कि नेहरू और गांधी परिवार नहीं चाहते थे कि अनुसूचित जाति परिवार का कोई व्यक्ति आगे आए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के अन्य नेता शराब घोटाले में जेल में हैं, जबकि कांग्रेस सांसद और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं को विभिन्न स्रोतों से करोड़ों रुपए मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में जांच एजेंसियां उनके धन के स्रोतों के बारे में जानने के लिए जांच करने के लिए स्वतंत्र हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा के बैनर तले एकजुट रहने और कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन के बुरे और नापाक मंसूबों को उजागर करने का आह्वान किया।

## भाजपा ने '400 पार' का नारा दिया ताकि लोग नहीं पूछें कि पेट्रोल क्यों है '100 पार': कन्हैया कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के '400 पार' के नारे को 'परसेप्शन मैनेजमेंट' (धारणा बनाने की कवायद) और वास्तविकता बदलने का कुत्सित प्रयास करार देते हुए कहा है कि भाजपा को हार का डर है और ऐसे में वह देश को धोखा देने की कोशिश कर रही है। कुमार ने 'पीटीआई' मुख्यालय में समाचार एजेंसी के संपादकों के साथ बातचीत में यह सवाल भी किया कि जो नेता कांग्रेस में रहकर चुनाव नहीं जीत सकते, उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के लिए भला क्या उपयोगिता है? उन्होंने साथ ही कहा कि पहले सत्ता में रहे दलों की कहीं न कहीं यह ''विफलता'' रही कि लोग 'भाजपा के अतिवाद' की तरफ आकर्षित हो गए, लेकिन यह स्थिति कभी भी बदल सकती है क्योंकि भारत का समाज प्रेम, समानता, सह-अस्तित्व और सहिष्णुता के साथ खड़ा होता है।



यह पूछे जाने पर कि भाजपा '400 पार' का नारा दे रही है, तो ऐसे में क्या यह नहीं लगता कि विमर्श की लड़ाई में विपक्ष कहीं पीछे छूट रहा है, उन्होंने कहा, इस बात में ही भाजपा की हताशा झलकती है, हार का डर झलकता है। क्या आपने सुना है कि भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया से मैच खेलने गई हो और मैच से पहले कह रही हो, 400 पार। नहीं कहती है। कहती है कि अच्छा खेलेंगे और विश्व कप जीतेंगे।

कुमार ने दावा किया कि 'परसेप्शन मैनेजमेंट' से वास्तविकता को बदलने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, धारणा के आधार पर वास्तविकता को बदलने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। अगर 400 पार हो ही रहा है तो 'फुके हुए कारतूसों' को अलग-अलग जगह से अपनी पार्टी में शामिल कराने का क्या मतलब है? मान लीजिए आप मैच जीत रहे हैं तो ऑस्ट्रेलिया के कप्तान को घूस देने का क्या मतलब है या उसके संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को अपने साथ लेने की क्या जरूरत है?''

कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि अगर कोई कांग्रेस में रहकर चुनाव नहीं जीत रहा है तो भाजपा में उसकी क्या उपयोगिता है? उन्होंने कांग्रेस के कई नेताओं के पाला बदलने का हवाला देते हुए कहा, आप जिन लोगों को बुरा-भला कहते थे अब उनकी तारीफ कर रहे हैं। कई ऐसे लोग थे जिन्हें राष्ट्रविरोधी शब्द से संबोधित किया जाता था, लेकिन अब वे भाजपा में हैं। ऐसा लगता है कि भाजपा को बेशर्मी की खदान हाथ लग गई है जब मौका मिलता है थोड़ी बेशर्मी निकाल लाती है।

## पायलटों के साथ रोस्टर प्रणाली पर चर्चा करेगी विस्तारा : सीईओ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** चालक दल की कमी के कारण उड़ानों में भारी व्यवधान का सामना करने के बाद विस्तारा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने कहा कि एयरलाइन पायलटों के साथ चर्चा के बाद वर्तमान रोस्टर प्रणाली की समीक्षा करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यात्रियों की संख्या में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई है। एयर इंडिया के साथ विलय की प्रक्रिया से गुजर रही टाटा समूह की एयरलाइन ने पायलटों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अस्थायी रूप से उड़ान संचालन कम कर दिया है। कंपनी को मई तक स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है।

एयरलाइन के अनुसार, पायलटों के अधिक उपयोग के साथ एक सख्त रोस्टर हालिया व्यवधानों का मुख्य कारण है। नए अनुबंध के बारे में पायलटों के एक वर्ग के बीच चिंताएं भी हैं, जिससे वेतन में संशोधन भी होगा। कन्नन ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि पायलटों के साथ बैठक के दौरान रोस्टर को लेकर कुछ चिंताएं उठाई गईं। इस दौरान पायलटों से कहा गया कि एयरलाइन इस पर गौर करेगी कि रोस्टर प्रक्रिया की समीक्षा कैसे की जा सकती है। एयरलाइन के लगभग 6,500 लोगों के कुल कार्यबल में करीब 1,000 पायलट हैं। उन्होंने कहा कि पायलट समूह के भीतर अलग-अलग प्रोफाइल वाले लोग होते हैं और पायलट एयरलाइन की उन्नत रोस्टर प्रणाली के जरिए विभिन्न जीवनशैली को अपना सकते हैं। जैसे, कुछ अधिक उड़ना पसंद करते हैं और कुछ अल्पविराम नहीं चाहते। एयरलाइन पायलटों की राय लेगी और जरूरी संशोधनों पर विचार करेगी। विस्तारा प्रमुख ने कहा, इस बारे में बातचीत होगी। जाहिर है, हमारे पास पायलटों के विभिन्न समूहों के लिए अलग-अलग रोस्टर प्रणाली नहीं हो सकती। हमें उसे अपनाना होगा, जिस पर अधिक लोग सहमत हों। हम उस पर काम कर रहे हैं।

## सोशल मीडिया का उपयोग कर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहा निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली/भाषा।** निर्वाचन आयोग ने युवा और शहरी मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया मंचों पर विभिन्न अभियान शुरू किए हैं। आयोग ने एक अभियान शुरू कर लोगों से आग्रह किया गया है कि वे सोशल मीडिया पर, चुनाव से संबंधित जो भी सूचना प्राप्त करते हैं उसे पहले सत्यापित करें और फिर उसे साझा करें। लोकसभा चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा जबकि एक जून को अंतिम चरण का मतदान होगा। आम चुनाव सात चरणों में हो रहा है। चुनाव आयोग के अनुसार, वह 'टर्निंग 18' अभियान के माध्यम से युवा और पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को प्रेरित कर रहा है, और उनसे मतदान के लिए मतदान केंद्र पर आने का आग्रह कर रहा है। इसके अलावा 'यू आर द वन' अभियान के तहत आयोग विभिन्न हितधारकों का पता लगाने का प्रयास कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रह जाए।

## अडाणी समूह नवीकरणीय ऊर्जा, विनिर्माण क्षमता में करेगा 2.3 लाख करोड़ रुपए का निवेश

**खावड़ा/अहमदाबाद/भाषा।** अडाणी समूह भारत के सबसे महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार और सौर एवं पवन विनिर्माण क्षमता वृद्धि में 2030 तक लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड गुजरात में कच्छ के खावड़ा में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा से बिजली पैदा करने की क्षमता को वर्तमान में दो गीगावाट से बढ़ाकर 30 गीगावाट करने के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगी।

कंपनी देश में अन्य जगहों पर छह-सात गीगावाट की इसी तरह की परियोजनाओं में 50,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी।

समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की इकाई अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) गुजरात के मुंद्रा में सौर सेल और पवन टरबाइन विनिर्माण क्षमता के विस्तार में करीब 30,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी।

## कानून की कमियों के कारण बच गए श्रीसंत : दिल्ली के पूर्व पुलिस उपायुक्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त नीरज कुमार ने कहा है कि हितधारकों ने भारतीय खेलों में भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून लाने में गंभीरता की स्पष्ट कमी दिखाई है और यही कारण है कि दागी पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत जैसा व्यक्ति आईपीएल 2013 में उनके खिलाफ स्पॉट फिक्सिंग के पुख्ता सबूत होने के बावजूद बच गया।

सैंतीस वर्षों तक देश की सेवा करने वाले आईपीएस अधिकारी नीरज दिल्ली पुलिस के प्रभारी थे जब उनके मार्गदर्शन में स्पेशल सेल ने श्रीसंत और राजस्थान रॉयल्स के उनके




साथी क्रिकेटरों अजीत चंदीला और अंकित चव्हाण को स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। उच्चतम न्यायालय ने हालांकि 2019 में यह फैसला देने के बावजूद कि भारत के पूर्व खिलाड़ी के खिलाफ सबूत थे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को उन पर आजीवन प्रतिबंध पर पुनर्विचार करने के लिए कहा। अंततः सजा को घटाकर सात साल का निलंबन कर दिया गया जो सितंबर 2020 में समाप्त हो गया। नीरज ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि मामला कहीं नहीं बढ़ा...दुर्भाग्य से, क्रिकेट में भ्रष्टाचार या सामान्य रूप से खेलों में भ्रष्टाचार से निपटने के लिए (भारत में) कोई कानून नहीं है। उन्होंने कहा, यहां तक कि जिंबाब्वे जैसे देश में भी विशिष्ट कानून है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड में यह कानून है...यूरोप में, कानून है क्योंकि भ्रष्टाचार सिर्फ क्रिकेट में नहीं बल्कि फुटबॉल, टेनिस, गोल्फ में भी है।

नीरज 2000 में सीबीआई की जांच टीम के हिस्से के रूप में हैंसी क्रोन्ये मैच फिक्सिंग प्रकरण से भी जुड़े थे। उन्होंने कहा कि खेलों में भ्रष्टाचार पर मुकदमा चलाने में सबसे बड़ी बाधा कानून का अभाव है।

## गिरफ्तार टीएमसी नेता की पत्नी ने एनआईए अधिकारियों के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गिरफ्तार नेता मनोब्रत जना की पत्नी ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मोनी जना ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने जांच के बहाने भूपतिनगर स्थित उनके आवास में जबरन घुसकर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। एनआईए ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ता मनोब्रत जना और बलाई चरण मेइती को गिरफ्तार किया था। विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि टीएमसी नेता की पत्नी ने भूपतिनगर पुलिस थाने में दायर कराई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एनआईए के अधिकारियों ने शनिवार सुबह छापेमारी के दौरान उनके आवास पर तोड़फोड़ भी की। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, एनआईए अधिकारियों पर मारपीट करने का आरोप लगाने संबंधी एक महिला की शिकायत मिलने के बाद हमने प्राथमिकी दर्ज की है। हम शिकायत पर गौर कर रहे हैं।

## एआई से कार्यकुशलता बढ़ सकती है, लेकिन बाजार एकीकरण संबंधी चिंताएं भी हैं: सीसीआई

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग से कार्यकुशलता और नवाचार में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके साथ बाजार एकीकरण और प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार की चिंताएं भी जुड़ी हैं। निगरानी संस्था सीसीआई के पास प्रतिस्पर्धा-रोधी तरीकों पर अंकुश लगाने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का अधिकार है। सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए एक अध्ययन शुरू करेगा। इसके तहत प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) आने वाले हफ्तों में जारी होने की उम्मीद है।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने पीटीआई-भाषा को हाल में एक साक्षात्कार में बताया कि अध्ययन में यह भी देखा जाएगा कि एआई का उपयोग नियामक कैसे कर सकता है। उन्होंने कहा, एआई और मशीन लर्निंग के बढ़ते प्रभाव से प्रतिस्पर्धा कानून के लिए अवसर और चुनौतियां, दोनों हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रौद्योगिकियां कार्यकुशलता और नवाचार को बढ़ावा दे सकती हैं, लेकिन बाजार में एकीकरण और प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार से संबंधित चिंताओं को भी बढ़ा सकती हैं। कौर ने इस बात पर भी जोर दिया कि नियामक इन घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिस्पर्धा ढांचा मजबूत रहे और नए बदलावों का मुकाबला किया जा सके।



## आजादी, संविधान खतरे में: मुख्यमंत्री मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर रविवार को निशाना साधा और आरोप लगाया कि आजादी एवं देश का संविधान खतरे में है। मान और राज्य सरकार के कई मंत्री तथा विधायक 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में एक-दिवसीय अनशन के लिए शहीद भगत सिंह नगर जिले के खटकड़ कलां में एकत्र हुए। 'आप' ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में देशव्यापी सामूहिक अनशन का आह्वान किया था।

खटकड़ कलां महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह का पैतृक गांव है। केजरीवाल को पिछले महीने प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। वह 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में हैं। मान ने सभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 'आप' के विस्तार से घबरा गई है, जो 10 साल में ही एक राष्ट्रीय पार्टी बन गई। उन्होंने कहा, हमने 10 साल में दो राज्यों में सरकार बनाई। गुजरात और गोवा में हमारे विधायक हैं और चंडीगढ़ में महापौर हैं। हमारे 10 राज्यसभा सदस्य हैं। इसलिए वे (भाजपा) डर गए क्योंकि किसी भी पार्टी का इतनी तेजी से विस्तार नहीं हुआ। मान ने कहा, इस वजह से, उन्होंने (उनके खिलाफ) बोलने वाले नेताओं पर छापेमारी कराई और उनकी आवाज दबाने के लिए उन्हें सलाखों के पीछे डाल दिया। वे (भाजपा) ऐसी कोई आवाज नहीं चाहते जो उनके खिलाफ जाए। ये केजरीवाल की आवाज ही थी जो पूरे देश में फैल रही थी। वह सच बोलते हैं और हम उनके सिपाही हैं।

## मिरज में बने सितार और तानपुरा को मिला जीआई टैग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे/भाषा।** महाराष्ट्र के सांगली जिले के एक छोटे से कस्बे मिरज में बनाए जाने वाले सितार और तानपुरा को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग मिला है। यह क्षेत्र संगीत वाद्ययंत्र बनाने की शिल्प कौशल के लिए जाना जाता है। निर्माताओं ने दावा किया कि ये वाद्ययंत्र मिरज में बनाए जाते हैं और शास्त्रीय संगीत के कलाकारों के साथ-साथ फिल्म उद्योग के प्रसिद्ध कलाकारों के बीच भी इनकी भारी मांग है।

एक विशेष भौगोलिक क्षेत्र में निर्मित उत्पाद को जीआई टैग मिलता है और इससे उत्पाद का व्यावसायिक मूल्य बढ़ जाता है।

निर्माताओं ने बताया कि मिरज में सितार और तानपुरा बनाने की परंपरा 300 साल से भी अधिक पुरानी है। सात पीढ़ियों से अधिक समय से कारीगरों इन तार आधारित वाद्ययंत्रों को बनाने का काम कर रहे हैं। भारत सरकार की भौतिक संपदा कार्यालय ने 30 मार्च को मिराज म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स क्लस्टर को सितार के लिए और 'सोलट्यून म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट प्रोड्यूसर फर्म' को तानपुरा के लिए जीआई टैग दिया था। मिराज म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स क्लस्टर के अध्यक्ष मोहसिन मिरजकर ने कहा कि यह शहर में सितार और तानपुरा निर्माताओं दोनों के लिए शीर्ष निकाय के रूप में कार्य करता है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि संस्था में 450 से अधिक कारीगर सितार और तानपुरा सहित संगीत वाद्ययंत्रों के निर्माण करते हैं। उन्होंने बताया कि मिरज में बने सितार और तानपुरा की बहुत अधिक मांग है, लेकिन स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सीमित संसाधनों के कारण मांगों को पूरा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि देश के कई हिस्सों में मिरज-निर्मित होने का दावा कर वाद्ययंत्र बेचे जाते हैं। जब हमें इस बारे में शिकायतें मिलना शुरू हुई तो हमने वाद्ययंत्र के लिए जीआई टैग लेने का फैसला किया और 2021 में



इसके लिए आवेदन किया। उन्होंने कहा कि मिरज में बनाए जाने वाले सितार और तानपुरा के लिए कर्नाटक के जंगलों से लकड़ी खरीदी जाती है, जबकि महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के मंगलवेधा क्षेत्र से कद्दू खरीदी जाती है।

मिरजकर ने कहा, निर्माता एक महीने में 60 से 70 सितार और लगभग 100 तानपुरा बनाते हैं। उन्होंने दावा किया कि उस्ताद अब्दुल करीम खान साहब, दिवंगत पंडित भीमसेन जोशी और राशिद खान मिरज में बने वाद्ययंत्र खरीदते थे। उन्होंने कहा कि शुभा मुद्गल जैसे कलाकारों और फिल्म उद्योग के गायकों जैसे जावेद अली, हरिहरन, सोनू निगम और ए.आर रहमान ने मिरज में बने वाद्ययंत्रों का इस्तेमाल किया है।



# दक्षिण कन्नड़ लोकसभा सीट पर भाजपा का दबदबा कायम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में दक्षिण कन्नड़ लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा यहां अपराजेय रही है। राज्य के तटीय हिस्से में स्थित इस लोकसभा सीट में सबसे अधिक हिंदू तीर्थस्थल हैं। भाजपा ने तीन बार के सांसद और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील को इस बार यहां टिकट नहीं दिया वहीं पार्टी के वफादार कार्यकर्ता, नए चेहरे और पूर्व सैनिक कैप्टन ब्रिजेश चौटा को टिकट दिया।

कांग्रेस पार्टी ने मंगलूरु शहर के वकील आर पद्मराज को चुनावी मैदान में उतारा है। प्रभावशाली बंट समुदाय से आने वाले कैप्टन चौटा सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ गए थे और बाद में उन्होंने भाजपा के लिए काम किया। कांग्रेस के पद्मराज बिलावा समुदाय से आते हैं, जो इस क्षेत्र में प्रभावशाली हैं। समाज के सभी वर्गों के बीच उनकी लोकप्रियता को देखते हुए कांग्रेस पार्टी विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर को इस सीट से मैदान में उतारना चाहती थी। हालांकि, यूटी खादर ने प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया, इसके बाद पार्टी को पद्मराज को मैदान में उतारना पड़ा।

कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि जीत की संभावना को देखते हुए पद्मराज को अन्य अल्पसंख्यक उम्मीदवारों पर तरजीह दी गई। कांग्रेस इस बार जीत हासिल करने के लिए जाति कार्ड भी खेल रही है। हालांकि, सूत्रों ने कहा कि कर्नाटक के अन्य हिस्सों के विपरीत, इस क्षेत्र में जाति की राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। 26 जुलाई 2022 को हिजाब विवाद के चरम पर भाजपा के युवा नेता प्रवीण कुमार नेत्तारू की हत्या ने इस क्षेत्र को हिलाकर रख दिया था।

नेत्तारू की पत्नी को पिछली भाजपा सरकार ने संविदा पर नियुक्त किया था, लेकिन फिर वर्तमान कांग्रेस सरकार ने उन्हें हटा दिया। विरोध के बाद कांग्रेस सरकार को उन्हें बहाल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस क्षेत्र में भाजपा का व्यापक जनाधार है। यहां से मौजूदा सांसद कतील ने 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को 2.74 लाख वोटों से हराया था। यहां 2014 में वोटों का अंतर 1.43 लाख था। 2009 के लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रवेश करने वाले कतील 40,420 वोटों के अंतर से चुने गए थे।

संसदीय क्षेत्र में बेलथांगडी, मूडबिद्री, मंगलुरु सिटी नॉर्थ, मंगलुरु सिटी साउथ, मंगलूरु, बंटवाल, पुतुरु और सुलिया विधानसभा क्षेत्र हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में दो सीटें कांग्रेस और बाकी सीटें भाजपा ने जीती थीं। मंगलूरु सीट पर 1957 से 1989 तक कांग्रेस पार्टी का कब्जा था। अनुभवी कांग्रेस नेता जनार्दन पुजारी ने 1977, 1980, 1984 और 1989 के आम चुनावों में पार्टी के लिए सीट सुरक्षित रखी। हालांकि, भाजपा के वी. धनंजय कुमार ने 1991 में भाजपा के लिए सीट जीती। वह 1996, 1998 और 1999 के लोकसभा चुनावों में विजयी हुए। 2004 के आम चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री डीवी सदानंद गौड़ा भाजपा से चुने गए थे।

इस क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियां, लव जिहाद विवाद और मोरल पुलिसिंग के मामले देखे गए हैं। 19 नवंबर 2022 को हुए मंगलुरु विस्फोट मामले ने क्षेत्र में आतंक के नेटवर्क को उजागर किया। एनआईए की जांच में पता चला कि इस विस्फोट को आईएस ने अंजाम दिया था।

प्रेशर कुकर में रखा इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) उस समय फटा था, जब एक आरोपी मोहम्मद शारिक इसे मंगलूरु शहर में एक ऑटो-रिक्शा में ले जा रहा था। दक्षिण कन्नड़ जिले में एनआईए द्वारा आईएस के साथ कथित संबंधों के आरोप में दीप्ति मारला उर्फ मरियम की गिरफ्तारी ने 2022 में राज्य में लव जिहाद मामलों पर बहस छेड़ दी थी।

## सिद्दरामैया ने सीतारमण पर कर्नाटक में सूखा राहत पर झूठ बोलने का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने झूठ कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू रहने के कारण सूखा राहत कोष जारी नहीं किया गया। सीतारमण ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत में केंद्र सरकार का बचाव करते हुए कहा था कि धन जारी करने की प्रक्रिया में समय लगता है और इस बीच आदर्श आचार संहिता लागू हो गई।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार द्वारा अक्टूबर में एक ज्ञापन सौंपने और अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम के दौरा करने के बाद, सूखा राहत जारी करने के लिए कुछ प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा और इसमें समय लगा। वित्त मंत्री के अनुसार, केंद्रीय प्राधिकारों ने 28 मार्च को निर्वाचन आयोग को एक उच्च-स्तरीय समिति की बैठक बुलाने की पूर्व मंजूरी लेने के लिए पत्र लिखा था क्योंकि आदर्श आचार संहिता लागू है और सूखा राहत अनुदान के संबंध में आयोग की मंजूरी का इंतजार है।

सिद्दरामैया ने कहा कि राज्य ने सूखा राहत के लिए दिसंबर में ही अपना ज्ञापन सौंप दिया था। उन्होंने अफसोस जताया कि कर्नाटक में, देश में दूसरा सर्वाधिक कर संग्रह होने के बावजूद केंद्र सरकार ने राज्य को राहत राशि जारी नहीं की।



# कर्नाटक के लोगों को भ्रमित कर रही केंद्र सरकार : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) फंड के में देरी को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह और निर्मला सीतारमण पर समय पर निर्णय लेने से बचने और भ्रामक बयानों से जनता को भ्रमित करने का आरोप भी लगाया है।

सिद्दरामैया ने एक्स पर कहा, केंद्र सरकार को कर्नाटक की कोई परवाह नहीं है। केंद्र सरकार उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) की बैठक आयोजित करने और हमारे एनडीआरएफ दावों पर निर्णय लेने में विफल रहने के कारण केंद्रीय मंत्रियों को बेंगलूरु में आकर जनता को भ्रमितकरने और आधे अधूरे सच को बताने के लिये तैनात कर रहे हैं। वे झूठ बोलते हैं और उन्हें लगता है कि यहां के लोगों को भ्रमित किया जा सकता है। सिद्दरामैया ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के बीच अंतर को समझाते हुए तर्क दिया कि एसडीआरएफ आवंटन वित्त आयोग की सिफारिश पर आधारित है और राज्य का अधिकार है, जबकि एनडीआरएफ से अभूतपूर्व आपदा स्थितियों में अतिरिक्त समर्थन की जरूरत होती है।

सिद्दरामैया ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा एसडीआरएफ से 697 करोड़ रुपये के आवंटन को स्वीकार किया गया था, लेकिन यह राशि सूखे के कारण हुये 37,000 करोड़ रुपये से अधिक के व्यापक नुकसान की भरपाई करने के लिए अपर्याप्त है। उन्होंने कहा कि नुक्सान की पर्याप्त रूप से भरपाई करने के लिये एनडीआरएफ से 18,171 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है।

सिद्दरामैया ने कर्नाटक के लिए वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित विशेष अनुदान के संबंध में श्रीमती सीतारमण के बयानों की भी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि वित्त आयोग की सिफारिशों के बारे में श्रीमती सीतारमण बातें भ्रामक है और 15वें वित्त आयोग द्वारा जारी रिपोर्टों में 'प्रारंभिक' और 'अंतिम' सिफारिशों के बीच कोई अंतर नहीं किया गया था।

इसके अलावा, उन्होंने सवाल किया कि अगर कर्नाटक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और पर्यावरण परियोजनाओं के लिए आयोग की सिफारिशों के अनुसार धन का हकदार है तो उसे ऋण का सहारा लेने की आवश्यकता क्यों होगी।

सिद्दरामैया ने श्रीमती सीतारमण की राजकोषीय नीतियों की दक्षता और समझ पर संदेह जताते हुए सवाल किया कि क्या वह वित्त मंत्रालय को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में सक्षम हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कर्नाटक की जनता भाजपा को इन कार्यों के लिए जवाबदेह ठहराएगी।

# सिद्दरामैया ने चुनाव बाद सरकार गिरने के भाजपा के दावों को किया खारिज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलार। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दावों को रविवार को खारिज कर दिया कि लोकसभा चुनाव के बाद राज्य सरकार गिर जाएगी। सिद्दरामैया ने कहा कि सरकार को पांच साल के लिए जनादेश मिला है और उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी योजनाएं निर्बाध रूप से जारी रहेंगी। उन्होंने पिछले चुनावों में कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन पर जोर देते हुए कहा कि उन्होंने महत्वपूर्ण वोट शेयर हासिल किया और काफी संख्या में सीटें जीतीं।



मुख्यमंत्री ने कहा, हमने 136 सीटें जीतीं, जो वोट शेयर का 43 प्रतिशत है। भाजपा को केवल 36 प्रतिशत मिला। हम उनकी तुलना में सात प्रतिशत आगे हैं।

उनके पास केवल 64 सीटें हैं जबकि उनके सहयोगी जनतादल-सेक्युलर (जद-एस) के पास 19 विधायक हैं और कई जल्द ही कांग्रेस में शामिल होंगे। लोगों ने हमें पांच साल दिए हैं और हमारी योजनाएं बिना किसी बाधा के पांच साल तक जारी रहेंगी।

सिद्दरामैया ने जद-एस से कांग्रेस में संभावित दलबदल का भी संकेत दिया, जिससे उनकी स्थिति और मजबूत होगी। दूसरी ओर, कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक के नेतृत्व में भाजपा ने वित्तीय कुप्रबंधन और दिवालियापन का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार की आलोचना की है। उन्होंने आगामी चुनावों में भाजपा की संभावनाओं पर भरोसा जताया और कहा कि केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदान की गई 'गारंटी' ही मायने रखती है।

कर्नाटक में 26 अप्रैल और सात मई को दो चरणों में मतदान होने के मद्देनजर राजनीतिक बयानबाजी और तेज होने की उम्मीद है। इन चुनावों के नतीजे राज्य में शक्ति संतुलन तय करेंगे और मौजूदा सरकार की स्थिरता पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है।



## नवरात्रि घट स्थापना मुहूर्त

बेंगलूरु चैत्र सुदी प्रतिपदा मंगलवार 9 अप्रैल को शक्ति की अधिष्ठात्री मां जगदंबा की पूजा-आराधना का विशेष पर्व व नववर्ष का शुभारंभ हो रहा है। नवरात्रि इस बार पूरे नौ दिन की रहेगी, प्रातःकाल शुभ योगों के साथ अशुभ वैधृति योग भी मिल रहा है। अतः घट स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त दिन में 11.56 बजे से 12.45 बजे तक अभिजीत मुहूर्त में रहेगा।

■ जगदीश आचार्य
मोबाइल : 9448417398

## कर्नाटक के साथ अन्याय स्वीकार करने के लिए निर्मला सीतारमण को धन्यवाद : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रविवार को सूखा राहत में कर्नाटक के साथ अन्याय को स्वीकार करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया।

यहां राजराजेश्वरीनगर में अपार्टमेंट मालिकों के साथ एक बैठक के बाद बोलते हुए, निर्मला सीतारमण ने कहा है कि आम चुनावों की घोषणा के कारण कर्नाटक को सूखा राहत राशि देने में देरी हुई। चुनाव और सूखा राहत के बीच क्या संबंध है? यह कहकर उन्होंने स्वीकार किया है कि सूखा राहत नहीं है। देरी हुई और केंद्र ने कर्नाटक के साथ अन्याय किया है। वह राज्य पर सूखा राहत के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने का आरोप लगा रही थीं।

शिवकुमार ने कहा कि हमने चार महीने पहले अपनी सूखा राहत अपील प्रस्तुत की थी। हमारी अपील के बाद चार महीने तक कोई आदर्श आचार संहिता नहीं थी। अब वह आचार संहिता का बहाना बना रही है। लोग केंद्र के अन्याय से अवगत हैं। यह डी के सुरेश की बात को सही ठहराता है। उन्होंने कहा, ''हमारा कर हमारा अधिकार'' अभियान के लिए उन्हें धन्यवाद।''

मेकेदातु परियोजना पर कुमारस्वामी की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर, शिवकुमार ने कहा, कुमारस्वामी अब मेकेदातु और महादायी के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन जब वह सत्ता में थे तो उन्होंने इसके बारे में कुछ नहीं किया। जब हम मेकेदातु के लिए पदयात्रा पर थे, तो उन्होंने ऐसा किया था। उपहास उड़ाया कि हम कबाब खाने के लिए यात्रा निकाल रहे थे, वह अब पदयात्रा की बात कर रहे हैं, ऐसा लगता है कि मंड्या की गर्मी उन पर असर कर रही है।

हमारी लड़ाई क्षेत्र के लोगों के लिए है, लेकिन वह इसे पचा नहीं सके। मैंने मेकेदातु बांध बनाने के लिए सिंचाई मंत्रालय लिया है। मैं इसे किसी भी कीमत पर पूरा करूंगा।



## कांग्रेस गांधीजी का अपमान करने जैसे काम कर रही है : विश्वेश्वर हेगड़े कागरी

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। उत्तर कन्नड़ जिले के लोकसभा प्रत्याशी और पूर्वी विधानसभा अध्यक्ष विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी ने कहा कि अगर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने जो कहा वह किया है। वहीं राज्य के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया झूठे वादों के साथ लोगों को कंटीली राह पर ले जा रहे हैं। रविवार का होटल जीएम रेजॉय भाजपा मीडिया सेन्टर में पत्रकारों के साथ भाग लेते हुए कागेरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने जैसा कहा वैसा किया। जी20, उज्वला, एलपीजी, जनऔषधि, सुकन्या समृद्धि, मुद्रा योजना जैसी कई अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाएं इसका प्रमाण हैं।

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने 2014 में भारत के प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। उनके दस वर्षों के शासन काल में प्राप्त उपलब्धियां जन-जन तक पहुंची हैं। महात्मा गांधी की अंत्योदय अन्न योजना के सपने को भाजपा सरकार ने साकार किया है। लेकिन कांग्रेस गांधीजी का अपमान करने जैसे काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार से लोगों का मोहभंग हो गया है।

राज्य के 28 में से 28 निर्वाचन क्षेत्र भाजपा के लिए सुरक्षित निर्वाचन क्षेत्र हैं, पूरे देश में 400 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल कर मोदीजी ने विश्वास जताया कि वह फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिप्रकाश कोणेमने, प्रकाश शेषराघवचार, मीडिया पैनल के संयोजक करुणाकर खसाले और सह-संयोजक प्रशांत केडेनजी उपस्थित थे।



## रक्षा रमैया ने होसकोटे विधानसभा क्षेत्र में विधायक सरथ बच्चेगौड़ा के साथ किया प्रचार

## केंद्र में कांग्रेस सत्ता में आई तो गरीबों की तकलीफें कम होंगी : रक्षा रमैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

होसकोटे। चिक्कबल्लापुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार रक्षा रमैया ने होसकोटे विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया और व्यापक प्रचार किया। होसकोटे के विधायक सरथ बच्चेगौड़ा के साथ, उन्होंने तेजी से निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया और वोट मांगे। रक्षा रमैया का मतदाताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं और महिलाओं ने हर जगह गर्मजोशी से स्वागत किया और आरती और फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया।

नेलावागिलु ग्राम पंचायत के देवमुले, गणेश मंदिर, पट्टालम्मा मंदिर, चन्नाकेशवा और दलसागेरे गांव में बसवेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा की गई। बाद में, उन्होंने संवैधानिक वास्तुकार डॉ. बीआर अंबेडकर के चित्र और केम्पेगौड़ा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। तब रक्षा रमैया ने ग्रामीणों के बीच वोट मांगे। बाद में इट्टासंद्रा ग्राम पंचायत के वेणुगोपाल स्वामी मंदिर का दौरा किया। उन्होंने विधायकों के साथ गांव का दौरा किया। बैलानरासापुर ग्राम पंचायत में चुनाव प्रचार करने के अलावा उन्होंने दोपहर में हेट्टाक्की ग्राम पंचायत का भी दौरा किया। फिर दरगाह गए और मुस्लिम धर्मगुरु से आशीर्वाद लिया। उन्होंने शिवनापुर ग्राम पंचायत के डायरी सर्कल में चुनाव प्रचार भाषण दिया और उनसे इस बार कांग्रेस पार्टी के हाथ के निशान के लिए वोट करने का अनुरोध किया। उन्होंने तवरेकेरे ग्राम पंचायत के कल्याणी के पास चुनाव अभियान चलाया और उनसे कांग्रेस पार्टी को वोट देने का अनुरोध किया। रक्षा रमैया ने कहा कि कांग्रेस गारंटी योजनाओं से आम लोगों और गरीबों को अधिक लाभ हो रहा है। कांग्रेस सरकार से हर घर को कम से कम 6 से 7 हजार रुपये की बचत होगी। अगर कांग्रेस देश में सत्ता में आती है तो केंद्र सरकार भी इतनी ही रकम देगी। उन्होंने कहा कि इससे गरीबों की तकलीफें और कम होंगी। होसकोटे निर्वाचन क्षेत्र के लोग भाग्यशाली हैं। होसकोटे राज्य के तीसरे सबसे अच्छे विधानसभा क्षेत्रों में से एक है और इसके लिए सरथ बच्चेगौड़ा जिम्मेदार हैं। वे मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से सीधे संपर्क में हैं और उन्होंने कहा कि पिछले दस महीने में 600 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है और पांच साल में यह क्षेत्र और प्रगति की ओर कदम बढ़ाएगा। इस अवसर पर होसकोटे विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अंदरुनी कलह के बीच बागलकोट से कांग्रेस उम्मीदवार ने कहा : कोई फर्क नहीं पड़ता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बागलकोट। बागलकोट सीट से कांग्रेस प्रत्याशी संयुक्ता पाटिल ने शनिवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि यहां की जनता उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में सपोर्ट करेगी। अंदरुनी कलह की खबरों के बीच संयुक्ता ने कहा कि मुझे इसकी परवाह नहीं कि कौन क्या कहता है। मैं विजयी होऊंगी। पूरे निर्वाचन क्षेत्र में लोग मेरा समर्थन करेंगे। संयुक्ता एक नया चेहरा हैं जिनका मुकाबला भाजपा उम्मीदवार पी.सी. गद्दीगौदर से है। गद्दीगौदर छठी बार चुनाव लड़ रहे हैं, मौजूदा सांसद हैं और 2004 से लगातार जीतते आ रहे हैं।

संयुक्ता ने कहा कि मेरे चचेरे भाई हर्षगौड़ा पाटिल का बीजेपी में शामिल होना मीडिया और लोगों के लिए बड़ा मुद्दा हो सकता है। वह लंबे समय से भाजपा से जुड़े रहे। अगर आप उनके सोशल मीडिया हैंडल को देखें तो उसमें आपको केवल उनके द्वारा बीजेपी पर आधारित शेयर किए गए पोस्ट ही दिखेंगे। उनके द्वारा उठाया गया यह कदम हमारे परिवार के लिए बिल्कुल भी चौंकाने वाला नहीं है। बीजेपी के साथ उनके गहराते संबंध काफी पहले ही जाहिर हो चुके थे।

उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भी व्यक्ति अपनी पसंद के राजनीतिक दल में शामिल हो सकता है। शुक्रवार को हर्षगौड़ा पाटिल अपने समर्थकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए थे। हालांकि, हर्षगौड़ा के पिता शिवशरणगौड़ा पाटिल संयुक्ता के लिए प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस विधायक विजयानंद कशप्पनवर की पत्नी वीणा कशप्पनवर ने भी उन्हें संयुक्ता के प्रचार से दूर रखा है। वीणा कांग्रेस पार्टी से बागलकोट से टिकट की दावेदार थीं। टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने कहा कि वह निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगी।

कांग्रेस विधायक विजयानंद कशप्पनवर ने कहा कि वीणा संयुक्ता के लिए प्रचार कर रही हैं। लेकिन वीणा ने कहा कि वह बेंगलूरु में हैं और कांग्रेस उम्मीदवार के लिए किसी भी प्रचार में हिस्सा नहीं ले रही हैं।



**समर्थन**

रविवार को केरल के अलेप्पी लोकसभा क्षेत्र के चेरतला में एक चुनावी अभियान के दौरान केपीसीसी अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कांग्रेस को वोट देने की अपील है। इस सीट से एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल चुनाव लड़ रहे हैं।



**प्रचार**

बेंगलूरु ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार डीके सुरेश ने रविवार को बेंगलूरु दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के वसंतपुर, अंजनापुर और विट्ठलनगर अपार्टमेंट के निवासियों से मुलाकात की और उनसे वोट मांगा।

## 'कांग्रेस ने देश को कभी 'न्याय' नहीं दिया'

हुब्बल्ली/दक्षिण भारत। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शनिवार को कांग्रेस के 'न्याय' घोषणापत्र पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि कांग्रेस ने कभी भी देश को 'न्याय' नहीं दिया। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, राहुल गांधी ने 'न्याय' पत्र की घोषणा की है। वे यह अच्छी तरह से जानते हैं कि वो सत्ता में नहीं आएंगे, लेकिन पार्टी मनमर्जी से घोषणाएं करने में लगी हुई है।

जोशी ने सवाल किया कि कांग्रेस ने 'गरीबी हटाओ' और 'रोटी, कपड़ा और मकान' जैसे नारे गढ़े थे। क्या वे सफल हुए? 2004 में कांग्रेस ने एक और नारा दिया 'कांग्रेस का हाथ गरीब लोगों के साथ'।

लेकिन आखिरकार उन्होंने क्या किया? जोशी ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान उन्होंने 12 लाख करोड़ का भ्रष्टाचार किया। उन्होंने गरीबों को कुछ नहीं दिया। उन्होंने देश के साथ न्याय भी नहीं किया। 'न्याय' नारे की उनकी घोषणा हास्यास्पद है।

## दो मेडिकल छात्र हैजा से संक्रमित पाए गए

बेंगलूरु। बेंगलूरु मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (बीएमसीआरआई) के दो छात्र हैजा से संक्रमित पाए गए, जिसके बाद से कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग अलर्ट पर है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ये दोनों उन 47 छात्रों में से थे जिन्हें दस्त और पानी की कमी की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सरकार ने अधिकारियों से सभी आवश्यक सावधानी बरतने का निर्देश दिया है, जिससे यह अधिक लोगों तक न फैल सके।

## बस पलटने से तीन लोगों की मौत

चित्रदुर्गा। कर्नाटक में बेंगलूरु से उत्तर कन्नड़ जिले के गोकर्ण जा रही एक निजी बस के रविवार तड़के चित्रदुर्गा जिले में पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने शुरुआत में कहा कि इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई।




# हम जनता को जनार्दन मानते हैं जबकि कांग्रेस के लोग एक परिवार को : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलायत। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दावा किया कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का 'ट्रैक रिकॉर्ड' शानदार रहा है क्योंकि वह जनता को जनार्दन मानती है जबकि कांग्रेस के लोग एक परिवार को। राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा जनता से किये गये सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। बीकानेर के कोलायत में सिंह ने भाजपा उम्मीदवार अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति का ट्रैक रिकार्ड बेहद शानदार है और इसलिये शानदार है क्योंकि हम जनता को जनार्दन मानते है और कांग्रेस के लोग एक परिवार को।

उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाती है तो उन्हें दुख होता है। सिंह ने कहा, कांग्रेस हमारी सेना के जवानों पर सवाल उठाती है। वे सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं। पूरी दुनिया को सबूत मिल गया है, सिर्फ कांग्रेस को नहीं मिला।

उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा का समर्थन करते हुए कहा कि इससे देश का पैसा, समय और संसाधन बचेंगे।

उन्होंने कहा, 'एक देश, एक चुनाव' को लोगों का समर्थन मिलेगा लेकिन कांग्रेस आदतन इसका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत 2027 की शुरुआत तक अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। राजस्थान में 19 और 26 अप्रैल को दो चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे।

# भाजपा का दावा मुंगेरीलाल का सपना : रामचंद्र चौधरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान में अजमेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने अजमेर की सीट कांग्रेस की झोली में आने का दावा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 400 पार तथा राज्य की 25 सीटों की जीत का दावा मुंगेरीलाल का सपना साबित होगा।

चौधरी ने रविवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में प्रधानमंत्री की सभा को असफल बताते हुए कहा कि चार जिलों के लिए हुई सभा में 15-20 हजार लोगों की उपस्थिति जाहिर करती है कि जनता परिवर्तन चाहती है। उन्होंने कहा कि ये भी कार्यकर्ता थे, आम मतदाता तो सभा में पहुंचे ही नहीं। मोदी ने भी व्यक्तिशः भागीरथ चौधरी एवं ज्योति मिर्धा को जीताने की अपील नहीं की। क्योंकि वे जानते थे कि भागीरथ चौधरी के ऐसे कोई काम नहीं, जो सार्वजनिक सभा से गिनाये जाये। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद के रूप में भागीरथ चौधरी गांव के गरीब के बीच कभी गये ही नहीं।

उन्होंने कहा कि अजमेर की जनता का आशीर्वाद मिलते ही वे यहां की कायाकल्प में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

अपने 'घोषणा पत्र' पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि चम्बल का पानी बीसलपुर पहुंचाकर, हर गांव-हर ढ़ाणी के घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। किशनगढ़ हवाईअड्डे को अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित कराया जायेगा। अजमेर में आई.आई.टी., आईएमएम के लिए प्रयास होंगे। पुष्कर घाटी को चीरकर वहां फोरलेन एक्सप्रेस हाईवे तैयार कराया जायेगा ताकि यातायात सरल व सुगम हो सके।

उन्होंने अजमेर डेयरी को डेनमार्क बनाने की तर्ज पर अजमेर के विकास की बात कही और कहा कि सरस के उत्पाद विश्वस्तरीय है, जो अमूल को मात कर रहे हैं। उन्होंने पशुपालकों को कामधेनू गाय अथवा भैंस भी दिलाने की वकालत की और कहा कि इससे युवा किसानों को रोजगार मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि उनकी बची हुई जिन्दगी किसानों, पशुपालकों, युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित रहेगी। उन्होंने भाजपा की मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि 'अग्निवीर' के नाम पर युवाओं की जिन्दगी बरबाद की जा रही है।



# भाजपा सांसदों ने जालोर-सिरोही की उपेक्षा की, 26 को न्याय करेगी जनता : वैभव गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिरोही/जालोर। जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने रविवार को पिण्डवाड़ा, आबूरोड क्षेत्र में आमजन से मुलाकात और संवाद किया। इस दौरान वैभव सिरोही की पहाड़ी स्थित मातर माताजी मंदिर पहुंचे और मत्था टेककर क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि माताजी के आशीर्वाद से उन्हें लोकसभा चुनाव में जीत अवश्य मिलेगी। वैभव ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने जनता के हित के लिए काफी काम किया, कई योजनाओं का संचालन किया। लेकिन भाजपा सरकार द्वारा अब योजनाएं बंद की जा रही हैं, उनमें मिलने वाला लाभ अब लोगों को नहीं मिल रहा है। लोगों से रोजगार छीना जा रहा है। चिरंजीवी का लाभ नहीं मिलने से आमजन बहुत परेशान है, बीमारी के इलाज के लिए भटक रहा है। इतना ही नहीं पिछले 20 साल में भाजपा सांसदों ने क्षेत्र की जनता की उपेक्षा की है। इससे जनता में भाजपा को लेकर बहुत नाराजगी है। भाजपा सांसदों की उपेक्षा से परेशान जनता 26 अप्रैल को न्याय करेगी।

इसके बाद वैभव गहलोत आबूरोड के बस स्टैंड पहुंचे और संवाद किया। यहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने वैभव गहलोत के साथ सेल्फी ली। जनंसपर्क के दौरान स्थान-स्थान पर जनसमूह ने वैभव को अपनी समस्याएं बताईं और उन पर भरोसा जताया। इस दौरान पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, लीलाराम गरासिया, अशोक सैन, शाहरुख खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने वैभव के साथ जनसंपर्क किया।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 8 अप्रैल को सांचौर में कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत के समर्थन में आयोजित होने वाली सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, वैभव गहलोत 8 अप्रैल को सिरोही विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और 50 से अधिक गांवों के लोगों से संवाद करेंगे। वे आल्पा, रोवाडा, मनादर, कैलाशनगर, नारादरा, मोरली, पोसालिया, राडबर, खन्द्रा, खेजडिया और केशरपुरा गांवों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



# नया भारत अपने नागरिकों को सुरक्षा देना भी जानता है और अपनी सीमाओं की सुरक्षा करना भी : आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि नया भारत अपने नागरिकों को सुरक्षा देना भी जानता है और अपनी सीमाओं की सुरक्षा करना भी जानता है। साथ ही आदित्यनाथ ने प्रश्न किया कि क्या आतंकवादियों को मारा जाना सही नहीं है।

आदित्यनाथ ब्रिटेन के प्रतिष्ठित समाचार पत्र 'द गार्जियन' की रिपोर्ट का जिक्र कर रहे थे जिसमें दावा किया गया था कि भारतीय खुफिया एजेंसियां 2019 के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति बढ़े दृष्टिकोण के तहत पाकिस्तान में लक्षित हत्याओं में शामिल थीं।

योगी ने कहा कि कहा कि कश्मीर में धारा 370 समाप्त की गई, इससे पत्थरबाज़ी समाप्त हो गई। अब भारत की सीमाओं के अंदर आतंकवाद को प्रश्रय नहीं मिल पाएगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। आतंकवादियों के आगे कांग्रेस के लोग कुछ नहीं कर पाते थे, वे घुटने टेक देते थे। कांग्रेस की करतूत का इस बात से पता चलता है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट देखकर राम के अस्तित्व को ही नकार दिया। जबकि हम राम हमारे रोम रोम में बसे हुए हैं। हम राम राम बोलकर ही एक दूसरे का अभिवादन करते हैं।

लोकसभा प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने 90 दिन में ही घोषणा पत्र के अधिकांश वादे पूरे कर दिए हैं। अब यहां पेपर लीक नहीं होता। पीएम मोदी ने हमें ईआरसीपी का तोहफा दिया है।

राजस्थान के भरतपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, तीन दिन पहले ब्रिटेन के एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र ने कहा था कि पाकिस्तान के अंदर 20 दुर्दांत आतंकवादी मारे गए हैं और यह संभव है कि भारत ने उन्हें मारा हो। जो लोग कल तक उन आतंकियों को पनाह देते थे वे अब एयर स्ट्राइक के डर से भारत के खिलाफ कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, गार्जियन की रिपोर्ट और स्त्रोत का आधार क्या है यह हम नहीं जानते.. लेकिन यह नया भारत है अपने नागरिकों को सुरक्षा देना भी जानता है और अपनी सीमाओं की सुरक्षा करना भी जानता है।

आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत का सम्मान करती है। उन्होंने कहा, जब कोई भारतीय नागरिक विदेश जाता है तो उसे सम्मान मिलता है। सीमाएं सुरक्षित हैं, नक्सलवाद, उग्रवाद और आतंकवाद समाप्त हो गया है। उन्होंने मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य आरोपी पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब को जेल में मटन बिरयानी खिलाए जाने संबंधी खबरों का जिक्र करते हुए कहा,एक तरफ, रिपोर्ट (द गार्जियन द्वारा) कहती है कि आतंकवादियों का सफाया वर्तमान सरकार करा रही है और दूसरी तरफ कांग्रेस सरकार थी जो आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी। उन्होंने प्रश्न किया, आतंकवादियों को मारा जाना चाहिए या नहीं? वे समाज पर बोझ हैं और सभी की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। कांग्रेस गरीबों को भूखा रखेगी लेकिन आतंकवादियों को बिरयानी खिलाएगी।

# पढाई नहीं करने पर एक युवक ने बेटी को पीटा, उसकी मौत

सिरोही। राजस्थान में सिरोही जिले के आबूरोड थाना क्षेत्र में एक युवक ने परीक्षा की तैयारीं नहीं करने पर अपनी बेटी को कथित रूप से पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस उपाधीक्षक पुष्पेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रेम नगर में फतेह मोहम्मद (42) ने 11वीं कक्षा में पढ रही अपनी 17 वर्षीय बेटी को बृहस्पतिवार को पढ़ाई नहीं करने के कारण पीटा। उन्होंने बताया कि छात्रा के चाचा की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया तथा पिटाई के लिये उपयोग में लाया गया डंडा शनिवार को बरामद कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि परीक्षा की तैयारी नहीं करने से नाराज फतेह मोहम्मद ने अपनी बेटी की डंडे से पिटाई कर दी, संभवत: अंदरूनी चोट के कारण छात्रा की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आने के बाद चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# भ्रष्टाचार में लिप्त रही कांग्रेस सरकार, नहीं किए जल कार्य : शेखावत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार गजेंद्र सिंह शेखावत ने दावा किया कि उन्होंने केंद्र सरकार से राजस्थान में जल कार्यों के लिए हजारों करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत कराया, लेकिन राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार ने इसका उपयोग नहीं किया। शेखावत ने कांग्रेस उम्मीदवार करण सिंह उचियारड़ा के उन आरोपों को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि शेखावत जल शक्ति मंत्री होने के बावजूद क्षेत्र के लिए पानी नहीं ला सके।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह उचियारड़ा की टिप्पणी का भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा समर्थन करने से दुखी हैं। उन्होंने कहा, मैंने राजस्थान सरकार को पानी के लिए हजारों करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया, लेकिन सरकार ने काम नहीं किया तो मैं क्या कर सकता हूं? यहां तक कि केंद्र सरकार की भी अपनी सीमाएं हैं; जल राज्य सरकार का मामला है और इस पर काम करना उनकी जिम्मेदारी थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और वे भ्रष्टाचार में लिप्त रहे।

पोखरण के अजासर गांव में शनिवार को एक रैली को संबोधित करते हुए शेखावत ने कहा कि उनके ही अपने लोग कीचड़ फेंक रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस प्रत्याशी कह रहे हैं कि जल मंत्री रहते हुए भी शेखावत पानी नहीं ला सके। मुझे दुख है कि हमारे अपने लोग उनके साथ खड़े हैं, उनकी भाषा बोल रहे हैं और मुझे बदनाम कर रहे हैं।

उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि वह लोगों के बीच वोट मांगने के लिए नहीं बल्कि अपनी पीड़ा व्यक्त करने के लिए आए हैं। मुझे इस बात से गहरा दुख है कि लोग और युवा वर्ग कांग्रेस नेता के इन आरोपों को खारिज नहीं कर रहा, बल्कि सोशल मीडिया पर इन आरोपों का समर्थन कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उन्हें किसी न किसी मामले में फंसाकर किसी तरह गिरफ्तार कराना चाहते थे। उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव से ठीक दो दिन पहले अशोक गहलोत मुझे जेल भेजने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन यह आपका आशीर्वाद और शुभकामनाएं थीं कि वह मुझे कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। उन्होंने आगे कहा, अशोक गहलोत लगातार मेरे पीछे पड़े थे। मैंने भी खूब संघर्ष किया, लेकिन अब अगर मेरे लोग ही उनकी भाषा बोलने लगेंगे तो मेरी रक्षा कौन करेगा? इसलिए आज मैं ये विचार आपके साथ साझा कर रहा हूं। मंत्री ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि राज्य में भाजपा सरकार के नेतृत्व में जल कार्यों सहित कई मुद्दों पर तेजी से काम किया जाएगा।

# चलती रेलगाड़ी से धक्का देकर पत्नी की हत्या का प्रयास करने वाला पति गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भरतपुर। राजस्थान में भरतपुर संभाग के सवाईमाधोपुर में प्रेमिका से शादी करने की फिराक में अपनी गर्भवती पत्नी को चलती रेलगाड़ी से धक्का देकर उसकी हत्या की कोशिश करने के आरोपी पति को कोटा जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पति इमरान खान (27) जगमोता, थाना चौथ का बरवाड़ा जिला सवाई माधोपुर का रहने वाला है। चलती रेलगाड़ी से गिरने के बाद पत्नी शगुफ्ता के 8 माह के गर्भस्थ शिशु की मौत के साथ उसके हाथ एवं पैर टूट गए और सिर पर गम्भीर चोट लगने की वजह से उसे सवाई माधोपुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

महिला के पिता जलील मोहम्मद निवासी गणेशपुरा विस्तार योजना लाखेरी के अनुसार एक अप्रैल की शाम उसकी बेटी शगुफ्ता और दामाद इमरान को वह लाखेरी स्टेशन से कोटा हनुमानगढ़ सुपरफास्ट रेलगाड़ी पर छोड़ने गया था। दामाद मेरी बेटी को उसके ससुराल चौथ का बरवाड़ा लेकर जा रहा था।

रात में घायल बेटी ने फोन पर बताया कि उसे कुस्तला और सवाईमाधोपुर के बीच जीनापुर गांव के नजदीक रेलवे ट्रैक पर चलती ट्रेन से पति ने धक्का दे दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।




# विनय सहस्त्रबुद्धे का कांग्रेस पर हमला, पूर्व सरकार में भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न के मामलों में हुआ इजाफा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

करौली। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राजस्थान लोकसभा चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे करौली दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने करौली-धौलपुर लोकसभा चुनाव को लेकर होटल में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। बैठक में करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारी, भाजपा की प्रत्याशी इंदु देवी जाटव के प्रचार प्रसार की गति और 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे की तैयारी का समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को एक बार फिर करौली में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। राजस्थान लोकसभा प्रभारी और राजसभा सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे ने भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों से सभा की तैयारियों का संदेश दिया।

राजस्थान लोकसभा प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों को विस्तार से बतलाया और पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न के मामलों में इजाफा हुआ।

उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री पर भी नाम लिए बिना भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। इस दौरान उन्होंने पूर्व सांसद का टिकट काटे जाने को लेकर कहा कि पार्टी साधारण कार्यकर्ता और महिलाओं को अधिक से अधिक आगे लाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी वरिष्ठ नेता एकजुट हैं और पार्टी की दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।




# कांग्रेस को झटका : मनोहर लाल गुप्ता भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता मनोहर लाल गुप्ता ने रविवार को भाजपा ज्वाइन कर ली। पार्टी के प्रदेश कार्यालय जयपुर में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, ओंकारसिंह लखावत सहित पार्टी के पदाधिकारियों ने उन्हें भाजपा का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुशील शर्मा के साथ मनोहर गुप्ता सहित कई नेताओं के भाजपा ज्वाइन करने से कांग्रेस को झटका लगा है। मनोहर लाल गुप्ता दौसा जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, कांग्रेस उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष व राजस्थान धरोहर संरक्षण प्राधिकरण के सदस्य सहित कई पदों पर रहे हैं। वैश्य महासम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष तथा लायंस क्लब के प्रांतीय अध्यक्ष हैं। मनोहर लाल गुप्ता के भाजपा ज्वाइन करने पर पार्टी के पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त की है। गौरतलब है कि वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद मनोहर लाल गुप्ता ने भाजपा ज्वाइन कर ली थी। लेकिन कुछ समय बाद ही उनकी कांग्रेस में वापसी हो गई थी। दौसा रेलवे फाटक पर आरओबी निर्माण की मांग के लिए गुप्ता के नेतृत्व में आंदोलन चलाया गया था। जिस पर आरओबी का निर्माण हुआ। गुप्ता ने फिल्म स्टार सुनील दत्त के नेतृत्व में भी काम किया। सामाजिक गतिविधियों में लगातार सक्रिय हैं। गत विधानसभा चुनाव में पार्टी का टिकट नहीं मिलने से गुप्ता का कांग्रेस से मोहभंग हो गया।

# भ्रष्ट नेताओं को बचाना चाहती है टीएमसी : मोदी

## इसलिए बंगाल में केंद्रीय एजेंसियों पर हो रहे हैं हमले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार और हिंसा की खुली छूट चाहती है और यही वजह है कि ऐसे मामलों की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसियों को राज्य में हमलों का सामना करना पड़ता है।

जलपाईगुड़ी में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी दावा किया कि पश्चिम बंगाल में 'टीएमसी का सिंडिकेट राज' कायम है और पार्टी केवल अपने भ्रष्ट नेताओं को बचाने में रुचि रखती है। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस सरकार बंगाल में लूटपाट और आतंक के लिए खुली छूट चाहती है। तृणमूल कांग्रेस अपने जबरन वसूली करने वाले और भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों के यहां आने पर उन पर हमले की साजिश रचती है। मोदी की यह टिप्पणी एक दिन पहले राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक टीम पर शनिवार को भीड़ द्वारा कथित तौर पर हमले के बाद आई है। यह घटना उस वक्त हुई थी, जब पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में 2022 के विस्फोट मामले में दो मुख्य संदिग्धों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से गिरफ्तार करने का प्रयास किया गया था। मोदी ने कहा, तृणमूल कांग्रेस कानून और देश के संविधान की अवहेलना कर रही है। पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर इलाके में मनोब्रत जना और बलाई चरण मैती को गिरफ्तार करने गए एनआईए के दल पर कथित तौर पर भीड़ ने हमला कर दिया था। भूपतिनगर में दिसंबर 2022 में हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी। शहर की सत्र अदालत ने दोनों आरोपियों को जमानत देने से इनकार करते हुए उन्हें 10 अप्रैल तक एनआईए की हिरासत में भेज दिया। मोदी ने उल्लेख किया कि राज्य में स्थिति ऐसी है कि विभिन्न मामलों में ''अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ता है''।

प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य में गरीबों के लिए केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधा डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस केंद्रीय कोष को राज्य के गरीब लोगों तक नहीं पहुंचने दे रही है। वे पहले अपने खाते में केंद्रीय धन चाहते हैं। पूरे पश्चिम बंगाल में टीएमसी का सिंडिकेट राज चल रहा है। तृणमूल कांग्रेस सरकार गरीबों के कल्याण के लिए चलाई जा रही केंद्रीय योजनाओं पर रोक लगा रही है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि प्रवर्तन निदेशालय ने बंगाल में भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्ट नेताओं की 3,000 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की है। मोदी ने कहा कि यह पैसा उन लोगों को लौटाने के तरीकों पर सुझाव लिए जा रहे हैं, जिन्होंने ये पैसे दिए थे। उन्होंने कहा, मैं आपको गारंटी देता हूं कि भ्रष्ट नेताओं द्वारा लूटा गया धन गरीब लोगों को वापस दिया जाएगा, जिन्हें नौकरी पाने के लिए पैसे देने पड़े थे।



## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गया/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को बोधगया का दौरा किया और बौद्ध धर्म के सबसे पवित्र मंदिर महाबोधि मंदिर में पूजा–अर्चना की। गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद, उपराष्ट्रपति सीधे 1500 साल पुराने महाबोधि मंदिर गए। हवाई अड्डे पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया।

महाबोधि मंदिर के दर्शन से जुडी अपनी कुछ तस्वीरें 'एक्स' पर साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने पोस्ट में कहा, इतिहास से भरे इस पवित्र स्थल का दर्शन उनके लिए सौभाग्य की बात है, जो भगवान गौतम बुद्ध की कालजयी शिक्षाओं के साथ प्रतिध्वनित होता है। उन्होंने कहा, बोधगया, आध्यात्मिक महत्व का स्थल है, जहां भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ था। यह मानवता की सामूहिक चेतना में एक विशेष स्थान रखता है। आइए हम भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से प्रेरणा लें और उनके प्रेम और करुणा के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करें। यह संदेश अब पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

## भूपतिनगर विस्फोट मामले में कार्रवाई में कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा नहीं था : एनआईए

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दो साल पुराने विस्फोट के एक मामले में छापेमारी और गिरफ्तारी करते समय दुर्भावनापूर्ण इरादा होने संबंधी आरोप का रविवार को पुरजोर तरीके से खंडन किया। पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में उग्र भीड़ ने एनआईए की टीम पर हमला कर दिया था। भूपतिनगर में दिसंबर 2022 में हुए एक धमाके के मामले में शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार करने गई एनआईए की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था जिसमें एक एनआईए अधिकारी घायल हो गया था और एक वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। एनआईए के एक प्रवक्ता ने विस्फोट मामले में छापेमारी और गिरफ्तारी करते समय दुर्भावनापूर्ण इरादा होने संबंधी आरोपों को खारिज कर दिया। एनआईए के प्रवक्ता ने पूरे विवाद को ''दुर्भाग्यपूर्ण'' बताया और स्पष्ट किया कि उनकी टीम पर हमला बिना किसी उकसावे के किया गया था।

## खरगे की टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने राजनीतिक पार्टी बने रहने का नैतिक अधिकार गंवाया : भाजपा



**नई दिल्ली/भाषा।** भाजपा ने रविवार को कहा कि अनुच्छेद 370 को समाप्त करने को लेकर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी के बाद कांग्रेस ने राजनीतिक पार्टी बने रहने का नैतिक अधिकार खो दिया है।

पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने को लेकर खरगे द्वारा भाजपा पर तंज कसे जाने के एक दिन बाद केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी ने कांग्रेस पर हमले तेज कर दिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राजस्थान में कहा कि अनुच्छेद 370 हटने से क्या फर्क पड़ता है? यदि कोई पार्टी कहती है कि कश्मीर के एकीकरण से अन्य राज्यों में उसे क्या फर्क पड़ता है तो यह स्पष्ट है कि देश की एकता और अखंडता के लिए हर किसी के द्वारा ली गई शपथ के प्रति आपको (कांग्रेस को) कोई सम्मान नहीं है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि अनुच्छेद 370 पर खरगे की टिप्पणी के बाद कांग्रेस, जिसने राष्ट्रीय दल का दर्जा या अधिकार लगभग खो दिया है, अब नैतिक दृष्टिकोण से राजनीतिक दल होने का भी अधिकार खो चुकी है'। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब खुद को 'क्षेत्रीय ताकतों का समूह' कह सकती है। त्रिवेदी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान समाप्त किए जाने के साथ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय एकता के भाजपा के संकल्प को पूरा किया है जो श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में लिया गया था और उन्होंने इसके लिए अपना जीवन कुर्बान कर दिया था।

## भाजपा नेता खुद को क्या भगवान समझते हैं : तेजस्वी यादव



**पटना/भाषा।** विपक्षी दलों पर ''सनातन धर्म'' के खिलाफ होने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आरोपों पर सख्त एतराज जताते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेता अपने आपको क्या भगवान समझते हैं, उनका विरोध करना क्या भगवान का विरोध करना है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि जनता के असंतोष और लोकसभा चुनाव पर इसके संभावित प्रभाव ने प्रधानमंत्री को ''डरा'' दिया है, और यही कारण है कि जीत का दावा करने के बावजूद वह गहन प्रचार कर रहे हैं।

बिहार के नवादा जिले में एक रैली में प्रधानमंत्री ने कहा था कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल ''सनातन विरोधी'' हैं, इस बारे में पूछे जाने पर तेजस्वी ने कहा, यह एक प्रधानमंत्री के लिए अशोभनीय है। यादव ने कहा, यह सर्वविदित है कि मेरे घर के परिसर में एक छोटा मंदिर है, जहां मेरे परिवार के सभी सदस्य पूजा करते हैं...यह कोई दिखावा करने की चीज नहीं है। उन्होंने आगे कहा, भाजपा नेता अपने आपको क्या भगवान समझते हैं, उनका विरोध क्या भगवान का विरोध है। जो कोई भी उस पार्टी का विरोध करता है उसे विधर्मी करार दिया जाता है। भगवान सब देख रहे हैं और सबको वहीं जाना है।

## एनआईए और भाजपा के बीच 'अपवित्र गठजोड़' : तृणमूल कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और भाजपा के बीच 'अपवित्र गठजोड़' है। पार्टी ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस मुद्दे पर 'स्पष्ट रूप से चुप्पी साध' ली है।

टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, एनआईए और भाजपा के बीच बनता गठजोड़ महसूस हो रहा है। तृणमूल नेताओं और आदर्श आचार संहिता के खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं। बनर्जी ने कहा कि ''यह मिलीभगत जारी है। निर्वाचन आयोग चुप्पी साधकर निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने दायित्वों की अनदेखी कर रहा है। बनर्जी के पोस्ट से पहले टीएमसी नेता कुणाल घोष ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि प्रदेश भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने 26 मार्च को शहर के न्यू टाउन इलाके में अपने अपार्टमेंट में एनआईए के एक अधिकारी से मुलाकात की थी और राज्य के विभिन्न हिस्सों से लोकसभा चुनाव से पहले एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए जाने वाले टीएमसी नेताओं की एक सूची सौंपी थी। घोष के मुताबिक उक्त नेता पूर्वी बर्धमान जिले का है और पहले तृणमूल का सदस्य था। घोष ने कहा, मैं उस नेता को चुनौती देता हूं कि या तो वह उस दिन की अपनी गतिविधि को लेकर पर्याप्त सबूत दें और मेरे आरोपों का खंडन करें या हम 48 घंटों के बाद उनके कॉल रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज सबूत के साथ सामने आएंगे।

## अदालत में पुलिस का दावाः जब्ती के बाद मालखाने में रखे भांग, गांजा को चूहों ने किया नष्ट

**धनबाद (झारखंड)/भाषा।** झारखंड के धनबाद जिले के एक थाने में जब्त कर रखे गए 10 किलोग्राम भांग और नौ किलोग्राम गांजा को नष्ट करने का आरोप चूहों पर लगा है। संबंधित मामले से जुड़े वकील ने बताया कि पुलिस ने मामले की जानकारी जिले की एक अदालत को दी। अदालत द्वारा राजगंज थाने के प्रभारी अधिकारी को छह साल पहले जब्त किए गए भांग और गांजा को पेश करने का निर्देश दिए जाने के बाद पुलिस ने प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राम शर्मा को रिपोर्ट सौंपी। अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चूहों ने थाने के मालखाने में रखे मादक पदार्थों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में थाने में मामला दर्ज किया गया था। राजगंज पुलिस ने 14 दिसंबर 2018 को 10 किलो भांग और नौ किलो गांजा जब्त करने के साथ शंभू प्रसाद अग्रवाल और उसके बेटे को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले के जांच अधिकारी जयप्रकाश प्रसाद को जब्त भांग और गांजा को छह अप्रैल को अदालत में पेश करने का आदेश दिया था।



## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गाजीपुर/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी के परिजनों से मुलाकात करने के लिए रविवार को गाजीपुर पहुंचे और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अंसारी की मौत का सच सामने आएगा तथा परिवार को न्याय मिलेगा।

पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के परिवार से मिलने के बाद सपा अध्यक्ष ने कहा, यह चौंकाने वाली बात है कि मुख्तार अंसारी ने खुद यह आशंका जताई कि उसे (जेल में) जहर दिया जा रहा है। हमें उम्मीद है कि सरकार सच्चाई सामने लाएगी और परिवार को न्याय मिलेगा। अखिलेश ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत सरकार पर दूसरे देश में लोगों को मरवाने का आरोप लगता है। उन्होंने कहा, क्या विकसित भारत की यही परिभाषा होगी कि हम दूसरे देश में जाकर हत्या कर देंगे?'' सपा अध्यक्ष ने मुख्तार की जेल में जहर देकर हत्या किए जाने के परिजनों के आरोप की तरफ इशारा करते हुए कहा, आप, हम और यहां जितने भी लोग हैं क्या हम यह स्वीकार कर लेंगे कि यह मौत प्राकृतिक थी? क्या आम जनमानस में यह भावना नहीं है कि सरकार कुछ छुपा रही है। उन्होंने दावा किया, रूस में अभी विपक्ष के नेता को इसी तरह जेल में रखकर जहर दे दिया गया। आप सोचिए भारत सरकार पर आरोप लगा कि वह दूसरे देश में हत्या करवा रही है। क्या कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत पर आरोप नहीं लगाए। बिना किसी का नाम लिए या घटना का जिक्र किए यादव ने कहा, एक व्यापारी ने एक लाख डॉलर देने की बात की और हत्या कराने का प्रयास किया। वह दूसरे देश में पकड़ा गया और जेल में है। उसमें भारत सरकार का एक अधिकारी शामिल था। ये सब चीजें आप भी जानते हैं। क्या हम विपक्ष के लोग सरकार पर शक कर रहे हैं, तो क्या गलत कर रहे हैं।

## सिंहभूम के माओवाद प्रभावित कई इलाकों में पहली बार होगा मतदान

**रांची/भाषा।** झारखंड के सिंहभूम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में माओवाद से प्रभावित रहे कई अंदरूनी इलाकों में 13 मई को पहली बार या दशकों बाद मतदान होगा और मतदान दलों एवं आवश्यक सामग्री को हेलीकॉप्टर के जरिए इन स्थानों पर पहुंचाया जाएगा ताकि एशिया के सबसे घने 'साल' वन सारंडा में रहने वाले लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें। ये चुनाव कर्मी दूरस्थ स्थानों पर 118 बूथ स्थापित करेंगे।

पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप चौधरी ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि कोई भी मतदाता छूट न जाए... हमने ऐसे कई क्षेत्रों की पहचान की है जहां पहली बार या लगभग दो दशक के बाद मतदान होगा क्योंकि ये स्थान माओवादी उग्रवाद से बुरी तरह प्रभावित थे।

स्थिति में सुधार के बावजूद पश्चिमी सिंहभूम, देश में वामपंथी उग्रवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों में से एक बना हुआ है। पिछले साल यहां माओवाद संबंधी 46 घटनाएं हुईं, जिनमें 22 लोगों की मौत हुई। उपायुक्त ने बताया नुगडी और बोरेरो के मध्य विद्यालयों जैसे मतदान केंद्रों पर पहली बार मतदान होगा।

## पूरे बंगाल में गुंडों का काफी इलाकों पर नियंत्रण है : राज्यपाल बोस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने कहा कि कानून–व्यवस्था पूरे राज्य में खराब नहीं है और राज्य के कुछ हिस्सों में हिंसा के लिए वर्तमान तृणमूल कांग्रेस सरकार को पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि इसका कारण ''अतीत की विरासत'' हो सकता है। बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच कई मुद्दों पर मतभेद रहा है। बोस ने यहां राजभवन में 'पीटीआई–भाषा' से एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि उनकी और बनर्जी की धारणाएं अलग–अलग हो सकती हैं, लेकिन वे एक ''उचित शिष्टाचार'' बनाए रखते हैं।

उन्होंने पश्चिम बंगाल में अपने मौजूदा कार्यकाल को ''उनके लिए तथ्यान्वेषण और डेटा–एकत्रित करने का समय'' बताया। बोस ने कहा कि कानून–व्यवस्था पूरे राज्य में खराब नहीं हुई है, लेकिन उन्होंने दावा किया कि गुंडों का काफी इलाकों पर नियंत्रण है। उन्होंने कहा, मैंने संदेशखालि में देखा कि महिलाएं सम्मान के साथ शांति चाहती थीं, लेकिन उनका सम्मान खंडित हो गया था। यह चिंताजनक स्थिति थी, जो पश्चिम बंगाल के परिदृश्य को खराब कर रही है। यह (स्थिति) कुछ क्षेत्रों तक सीमित है लेकिन इनकी संख्या बढ़ रही है। यह समस्या है। इसलिए मैं यह नहीं कहूंगा कि कानून–व्यवस्था पूरे पश्चिम बंगाल में ध्वस्त हो गई है, लेकिन ऐसे काफी क्षेत्र हैं, जहां गुंडों का नियंत्रण है।

## ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ सबूत के तौर पर फ्रिज व स्मार्ट टीवी के बिल शामिल किए

**नई दिल्ली/रांची/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपने इस दावे के समर्थन में एक फ्रिज और स्मार्ट टीवी का बिल सबूतों में शामिल किया है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 31 करोड़ रुपए से ज्यादा की कीमत की 8.86 एकड़ जमीन अवैध तरीके से हासिल की थी। संघीय जांच एजेंसी ने रांची स्थित दो डीलर से ये रसीदें प्राप्त कीं और उन्हें पिछले महीने 48 वर्षीय झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता और चार अन्य के खिलाफ दायर अपने आरोप पत्र में शामिल किया। रांची में न्यायाधीश राजीव रंजन की विशेष पीएमएलए अदालत ने चार अप्रैल को आरोप–पत्र पर संज्ञान लिया। सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद 31 जनवरी को कथित रूप से भूमि हड़पने से संबंधित धनशोधन मामले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। वह फिलहाल रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के अनुसार, दोनों उपकरण संतोष मुंडा के परिवार के सदस्यों के नाम पर खरीदे थे। संतोष मुंडा ने एजेंसी को बताया था कि वह 14–15 वर्षों से उक्त भूमि (8.86 एकड़) पर रह रहा था और हेमंत सोरेन के लिए इस संपत्ति की देखभाल करने का काम करता था। एजेंसी ने सोरेन के इस दावे का खंडन करने के लिए मुंडा के बयान का इस्तेमाल किया कि उनका (सोरेन का) उक्त भूमि से कोई संबंध नहीं है।

## दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में आखिरकार हार्दिक पंड्या की हूटिंग नहीं हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मुंबई/भाषा।** हार्दिक पंड्या ने आखिरकार कुछ राहत की सांस ली क्योंकि मुंबई इंडियंस के कप्तान की रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान वानखेडे स्टेडियम के दर्शकों ने किसी तरह की हूटिंग नहीं की। यह मुकाबला रिलायंस फाउंडेशन के लिए ईएसए (सभी के लिए शिक्षा और खेल) दिवस पर खेला जा रहा है जिससे स्टैंड पर कई गैर सरकारी संगठनों के लगभग 18,000 बच्चे मौजूद थे और स्टैंड पर सिर्फ घरेलू टीम को 'चीयर' करने के लिए शोर सुनाई दे रहा था। पंड्या को पिछले तीन मैच में दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा था।

भारत के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने रविवार के मैच से एक दिन पहले कहा था कि दर्शकों को पंड्या की हूटिंग नहीं करनी चाहिए क्योंकि अगर उन्हें कप्तान के तौर पर टीम में शामिल किया गया है तो यह उनकी गलती नहीं है। गांगुली ने वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान कहा, मुझे नहीं लगता कि उन्हें पंड्या की हूटिंग करनी चाहिए। यह सही नहीं है। उन्होंने कहा, यह सही नहीं है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने उन्हें कप्तान नियुक्त किया है। खेल में ऐसा ही होता है। आप भारत की कप्तानी करें या किसी राज्य की कप्तानी करें या आप अपनी फ्रेंचाइजी की कप्तानी करें, आपको कप्तान नियुक्त किया जाता है।

## ओडिशा की एक जेल से दो विचाराधीन कैदी फरार

**भवानीपटना (ओडिशा)/भाषा।** ओडिशा में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत एक मुकदमे का सामना कर रहे दो कैदी रविवार को कालाहांडी जिला कारागार से फरार हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दोनों आज सुबह जेल के बगीचे में थे और वे जेल की ऊंची दीवारों तथा निगरानी टावरों वाली सुरक्षा भेदने में कामयाब रहे।

अधिकारी ने बताया कि पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमे का सामना कर रहे दो कैदी भवानीपटना में जेल की दीवार फांदकर फरार हो गए। जेल अधिकारियों ने भवानीपटना नगर पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है, हालांकि घटना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है।

## श्रीकांत से बहुत उम्मीद है, उनका सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है : कश्यप



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/भाषा।** कोच पारुपल्ली कश्यप को लगता है कि किदांबी श्रीकांत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी बाकी है और उन्हें उम्मीद है कि अपनी फिटनेस और खेल पर काम करने के बाद वह इस सत्र में कुछ अच्छे नतीजे हासिल करेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ समय से फॉर्म से जूझ रहे हैं। इस 31 साल के खिलाड़ी ने 2017 में चार सुपर सीरीज खिताब जीते थे। विश्व चैम्पियनशिप 2021 में रजत पदक जीतने वाले श्रीकांत ने मार्च में स्विस ओपन सुपर 300 में सेमीफाइनल में पहुंचकर वापसी के संकेत दिए। इंग्लिश फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाईटेड द्वारा आयोजित 'रोड टू ओल्ड ट्रैफर्ड फुटबॉल' कार्यक्रम के मौके पर कश्यप ने पीटीआई से कहा, मुझे लगता है कि उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी आना बाकी है और आप उससे इस साल और अगले साल अच्छे नतीजों की उम्मीद कर सकते हैं।

श्रीकांत को कोचिंग दे रहे कश्यप ने कहा, वह फिटनेस में जूझ रहा था। उसने कोशिश की होगी लेकिन इंडोनेशिया से जिस कोच को उसने नियुक्त किया था, यह कदम कारगर नहीं रहा। वह मैच के दौरान तेजी के साथ नहीं खेल सका। वह काफी आसानी से मैच हार गया और यहां तक कि कुछ में तो चुनौती भी पेश नहीं कर सका। राष्ट्रमंडल खेल 2018 के स्वर्ण पदक विजेता श्रीकांत लगातार खराब प्रदर्शन के कारण विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर खिसकने के बाद पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन से चूक गए।

## सुविचार

**जिंदगी में कभी भी मुश्किलें आई तो शिकायत मत करना, क्योंकि भगवान मुश्किलें उसी को देता है, जो मुश्किलों से कभी हार नहीं मानता और वह इंसान भगवान का प्रिय इंसान होता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# दुष्प्रचार की मंडली

प्रमुख सॉफ्टवेयर निर्माता कंपनी माइक्रोसॉफ्ट का यह बयान कि 'इस साल भारत, दक्षिण कोरिया और अमेरिका सहित जिन देशों में आम चुनाव होने हैं, वहां चीन अपने हितों को साधने के लिए एआई आधारित सामग्री का निर्माण और प्रसार कर सकता है', संबंधित देशों की सरकारों और आम जनता के लिए उल्लेखनीय चुनौती को बयान करता है। चीन के संबंध में ऐसे अनुमानों व आशंकाओं पर किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि इस देश का इतिहास ऐसी घटनाओं से भरा पड़ा है। खुराफात और दुष्प्रचार चीनी शासक वर्ग के चरित्र का हिस्सा हैं। आज जब इंटरनेट और एआई का बोलबाला है तो चीन इन्हें आजमा सकता है। जब विज्ञान ने इतनी प्रगति नहीं की थी, तब तत्कालीन चीनी नेतृत्व दूसरे तौर-तरीकों से जनमानस पर कब्जे की कोशिशें करता था। उदाहरण के लिए, जब चीन ने तिब्बत को हड़पा तो तिब्बतियों ने इसका तीखा विरोध किया था। इसके बाद चीन ने ऐसे पोस्टरों का प्रचार-प्रसार किया, जिनमें यह दावा किया गया था कि अब तिब्बत की आम जनता को पर्याप्त खाना मिल रहा है, जो पहले एक सपना ही था। पूरा देश हड़प कर रोटी देने का दावा चीन की दुष्प्रचार मंडली ही कर सकती है! चीन अपने राष्ट्रपति को भी इस तरह पेश करता है कि दुनिया की हर समस्या का समाधान उन्हीं के पास है। जब वुहान में कोरोना संक्रमण फैल रहा था, तब राष्ट्रपति शी जिनपिंग की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हुई थीं। उनमें यह दावा किया गया था कि वे जनता का दु:ख-दर्द जानने और उसका हौसला बढ़ाने के लिए आए हैं। हालांकि इस दावे पर भी सवाल उठते रहे हैं। ऐसे आरोप हैं कि इससे पहले यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी व्यक्ति रास्ते में कहीं दिखाई न दे। सुरक्षाकर्मियों ने हथियारों के दम पर सबको घरों में कैद कर दिया था। उसके बाद शी जिनपिंग आए और दो-चार फोटो खिंचवाकर चले गए। सोशल मीडिया में माहौल बन गया कि चीनी राष्ट्रपति कोरोना से भी नहीं डरते!

निस्संदेह एआई आधारित सामग्री से चुनावों को प्रभावित करने की कोशिशें की जा सकती हैं। किसी नेता के बयान को काटकर आधा-अधूरा प्रसारित करने, फोटो के साथ ग़लत समाचार लिख देने, मनगढ़ंत बातें जोड़ देने, असत्य घोषणाएं करने, अफवाह उड़ाने, मिलते-जुलते चेहरे के साथ फर्जी वीडियो बनाने से लोगों को भ्रमित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, साल 2019 के लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद विभिन्न वॉट्सऐप समूहों में एक पोस्ट बहुत तेजी से वायरल हुई थी। उसमें एक खुफिया एजेंसी के कथित सर्वे का उल्लेख कर चुनाव नतीजों का दावा किया गया था। जो लोग चाहते थे कि चुनाव नतीजे ऐसे ही आएं, वे उस पोस्ट को खूब शेयर कर रहे थे। चूंकि 'खुफिया एजेंसी' का नाम दिया गया था, इसलिए लोगों ने जल्दी विश्वास भी कर लिया। हर आयुवर्ग के लोग उसे पढ़कर हाथोंहाथ आगे बढ़ा रहे थे। बाद में खुलासा हुआ कि वह सर्वे फर्जी था। बड़ा सवाल है- 'अगर खुफिया एजेंसियां सर्वे कर उसकी रिपोर्ट, वह भी आंकड़ों सहित, जनता के लिए यूं सोशल मीडिया समूहों में पोस्ट करने लग जाएं तो वे खुफिया कहां रहीं?' निश्चित रूप से ऐसी पोस्ट के पीछे खुराफाती लोग या संगठन होते हैं, जो चाहते हैं कि लोगों को भ्रमित किया जाए। इसी तरह, जब रूस ने यूक्रेन पर हमला बोला था तो सोशल मीडिया पर पुतिन समर्थक मीम्स की बाढ़-सी आ गई थी। उनमें रूसी राष्ट्रपति को बहुत बहादुर, देशभक्त, रूसी गौरव का रक्षक और अजेय बताया गया था। ऐसे आरोप लगाए जाते हैं कि वे मीम्स रूसी सरकार ने बनवाए थे और उन पर काफी धन खर्च किया गया था, ताकि पुतिन के पक्ष में माहौल बना रहे। इन घटनाओं से सबक लेते हुए, भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर 'नजर' रखकर भ्रामक सामग्री को निष्क्रिय करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



राज राजेश्वरी माँ कैलादेवी के पावन लक्खी मेले की आप सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं। देवी माँ सभी का कल्याण करें। सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो, मेरी यही मनोकामना है।

**-भजनलाल शर्मा**



खींवसर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हिलोड़ी में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान वहां उपस्थित अपनों से मत एवं समर्थन की अपील की और खींवसर विधानसभा क्षेत्र की बेटी होने के नाते खींवसर वासियों को इस लोकसभा चुनाव की कमान संभालने का भी आग्रह किया।

**-ज्योति मिर्धा**




हमारी सरकार की योजनाओं ने गरीब के जीवन को आसान बनाया है। हमने गरीब का स्वाभिमान लौटाया है, उसका गौरव बढ़ाया है। मोदी ने 10 साल में जो विकास कार्य किया है, वो सिर्फ ट्रेलर है। अभी हमें देश को बहुत आगे ले जाना है।

**-नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

# भाव से सच्चा अर्थ



चैतन्य महाप्रभु जगन्नाथपुरी से दक्षिण की यात्रा पर निकले थे। रास्ते में एक सरोवर के किनारे उन्होंने एक ब्राह्मण को गीता-पाठ करते देखा। वह गीता के पाठ में इतना तल्लीन था कि उसे अपने शरीर की सुध नहीं थी, उसका हृदय गद्गद हो रहा था और नेत्रों से आंसुओं की धारा बह रही थी। उसका पाठ समाप्त होने पर चैतन्य महाप्रभु ने पूछा, 'तुम श्लोकों का अशुद्ध उच्चारण कर रहे थे, तुम्हें इसका अर्थ मालूम न होगा, परंतु तब भी तुम इतने भाव-विभोर कैसे थे?' उसने उत्तर दिया, 'भगवान! मैं कहां जानूं संस्कृत। मैं तो जब पढ़ने बैठता हूं तो ऐसा लगता है कि कुरुक्षेत्र के मैदान में दोनों ओर बड़ी भारी सेनाएं सजी हुई खड़ी हैं। जहां बीच में एक रथ पर भगवान कृष्ण अर्जुन से कुछ कह रहे हैं। उस दृश्य को देखकर मन भाव से भर उठता है।' चैतन्य महाप्रभु ने कहा, 'भैया तुमने ही गीता का सच्चा अर्थ जाना है।' यह कहकर उन्होंने उसे अपने गले लगा लिया।

## सामयिक

# मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

**सुरेश हिंदुस्तानी**

लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा एक बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाकर अपने मन में विश्वास बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। हम जानते हैं कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था, इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस के चौक़ीदार चोर है के जवाब में मैं भी चौक़ीदार का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया है, लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है, यह समय बताएगा।

मैं इस लेख को किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए नहीं लिख रहा हूँ, लेकिन जो सच है उसको लिखने से कोई आशय निकलता है तो भले ही निकले, लेकिन उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशन खोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस के शासन काल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में बढ़ोत्तरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं। लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे केवल जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। मोदी की शैली यही है कि वह जनता की भावना के अनुसार ही अपना भाषण देते हैं। इसके अलावा राहुल गांधी कभी कभी पटरी से उतरते दिखाई देते हैं।



कांग्रेस की ओर से जारी किए गए घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इस मुद्दे पर भारत की पूरी जनता आँख बंद करके समर्थन करने के लिए आगे आ जाए। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने के लिए प्रयास कर रहीं हैं, उनको कांग्रेस का यह वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है कि कांग्रेस का यह कदम समाज में विभाजन की लकीर खींचने का काम कर सकता है।

इस देश के अनेक चुनावों में यह देखने को मिला है कि विपक्षी दल मेहंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने का अभियान सा चलाते थे। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में मेहंगाई के मुद्दे को उछालकर कांग्रेस की नींद हराम कर दी थी, इसी प्रकार बोफोर्स मामले को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने चुनाव लड़ा, जिसमें राजीव गांधी की सरकार को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। आज विपक्ष के पास सरकार के विरोध में ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिस पर सरकार को घेरा जा सके। इसके विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह राजनीति की दशा और दिशा को बदलने वाला दृश्य कहा जा सकता है। यह पहला चुनाव कहा जा सकता है, जिसमें सत्ता पक्ष विपक्ष को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घर रहा है। विपक्ष के कुछ दल इस मामले में मौन साधे हुए हैं, क्योंकि जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं, वे या उनके साथी उनके साथ हैं। इससे यह भी साफ संकेत जाता है कि भ्रष्टाचार के विरोध में विपक्ष की कोई योजना नहीं है। मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है, जबकि विपक्ष पर आज भी आरोप लग रहे हैं। कई तो जमानत पर बाहर हैं।

अब ज़ब लोकसभा चुनाव के मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दल अपने अपने बयानों में पैनापन लाने की क़वायद कर रहे हैं, तब यह तो कहा जा सकता है कि इस बार का चुनाव कई दलों के लिए आरपार की लड़ाई हो गई है। जो राजनीतिक दल सत्ता सुख से लम्बे समय से दूर हैं, वह बेचैन से हो रहे हैं। हालांकि यह भी एक बड़ा सच है कि सत्ता पक्ष को निरंकुश होने से बचाने के लिए मजबूत विपक्ष का होना बहुत आवश्यक है, लेकिन यह भी सत्य है कि विपक्ष को मजबूत करने के लिए सत्ता पक्ष की ओर से प्रयास नहीं किए जाते। इसके लिए स्वयं विपक्ष को ही प्रयास करना होगा। विपक्ष की ओर से यह भी आरोप लगाया जाता है कि केंद्र सरकार विपक्ष को कमजोर कर रही है, ऐसा आरोप लगाना विपक्ष की कमजोरी को ही दर्शाता है। इसलिए विपक्ष को अब एक ताकत के रूप में अपने आपको प्रस्तुत करना होगा।

## स्वास्थ्य

# स्वस्थ्य तन-मन का राष्ट्रीय विकास में अहम योगदान

**संजीव ठाकुर**

**मोबाइल : 90094 15415**

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहता तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है। इसी तरह समय को भी धन ही कहा जाता है समय का जो सही सदुपयोग करता है वह उन्नति के शिखर पर होता है। मजबूत राष्ट्र सदैव समय की कीमत समझता है और जो समय की कीमत समझता है समय उसकी कीमत समझता है। समय का सही सदुपयोग न करने वाले अस्वस्थ मनुष्य का जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रहता है। इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है। इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके। भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैश्र इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगा। फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव, फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 557 हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टीबी, अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं, जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है।

ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस्य भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज,ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में हृदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने फ्रिट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है।

भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है। इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ्य ही एक बड़ा धन होता है।

## नजरिया

# नया भारत घर में घुसकर मारता है!

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**मोबाइल : 9219179431**

हाल ही में ब्रिटेन के बड़े अखबार में प्रकाशित एक लेख काफी चर्चा का विषय बना हुआ है ब्रिटिश अखबार गार्डियन ने अपनी एक रिपोर्ट में पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के हवाले से यह दावा किया है कि पाकिस्तान में पिछले 2 सालों में मारे गए कम से कम 20 लोगों के पीछे भारतीय रिसर्च विंग (रॉ) का हाथ है। गार्डियन का खुलासा सही हो या गलत इस पर चर्चा तो बाद में होगी पर यह तय है कि भारत में लोकसभा चुनावों में बीजेपी के लिए बूस्टर साबित हो सकती है। पुलवामा हमले का बदला लेते हुए भारत ने फरवरी 2019 में जब पाकिस्तान के बालाकोट पर सर्जिकल स्ट्राइक की, तो उसने लोकसभा चुनाव का रुख भी मोड़ दिया था। भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा हमेशा से वोटरों के लिए संवेदनशील रहा है. इसीलिए मोदी के नाम पर 56 इंच की छाती वाला जुमला गढ़ा गया हा।. पाकिस्तान में 20 आतंकियों के खात्मे पर इंग्लैंड के प्रमुख अखबार गार्डियन ने जो खुलासा किया है, वह बीजेपी के चुनाव में रंग भरने का काम करेगा।

गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में हुई करीब 20 हत्याएं संयुक्त अरब अमीरात से संचालित भारतीय खुफिया एजेंसियों के स्लीपर सेल के जरिए अंजाम दिए गए। हत्याओं को अंजाम देने के लिए स्थानीय अपराधियों या गरीब पाकिस्तानियों को लाखों रुपये देने का आरोप है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय एजेंटों ने हत्याओ को अंजाम देने के लिए कथित तौर पर जिहादियों को भी भर्ती किया, उन्हें यह विश्वास दिलाया गया कि वे काफिरों को मार रहे हैं। भारत ने इजरायल की मोसाद और रूस की केजीबी जैसी खुफिया एजेंसियों से प्रेरणा ली। ये विदेशी एजेंसियां विदेशी धरती पर अपना काम करने के लिए कुख्यात रही हैं। अखबार कहता है कि सऊदी पत्रकार और असंतुष्ट जमाल खशोगी जिनकी 2018 में सऊदी दूतावास में हत्या कर दी गई थी। इस घटना से रॉ के अधिकारियों ने प्रेरणा ली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक बैठक में कहा कि अगर सउदी ऐसा कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं? रिपोर्ट के अनुसार जमाल खशोगी की हत्या के कुछ महीने बाद प्रधानमंत्री कार्यालय में खुफिया विभाग के शीर्ष अधिकारियों के बीच इस बात पर बहस हुई थी कि इस मामले से कैसे कुछ सीखा जा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार बैठक में कहा गया कि 'सऊदी ने जो किया वह बहुत प्रभावी था। आप न केवल अपने दुश्मन से छुटकारा पाते हैं बल्कि आपके खिलाफ काम करने वाले लोगों को एक भयावह संदेश, चेतावनी भी भेजते हैं। हर ख़ुफ़िया एजेंसी ऐसा करती रही है। अपने शत्रुओं पर शक्ति डाले बिना हमारा देश मजबूत नहीं हो सकता। 'भारत ने इजरायल की मोसाद और रूस की केजीबी जैसी खुफिया एजेंसियों से प्रेरणा ली। ये विदेशी एजेंसियां विदेशी धरती पर अपना काम करने के लिए कुख्यात रही हैं। अखबार कहता है कि सऊदी पत्रकार और असंतुष्ट जमाल खशोगी जिनकी 2018 में सऊदी दूतावास में हत्या कर दी गई थी। इस घटना से रॉ के अधिकारियों ने प्रेरणा ली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक बैठक में कहा कि अगर सउदी ऐसा कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं? रिपोर्ट के अनुसार जमाल खशोगी की हत्या के कुछ महीने बाद प्रधानमंत्री कार्यालय में खुफिया विभाग के शीर्ष अधिकारियों के बीच इस बात पर बहस हुई थी कि इस मामले से कैसे कुछ सीखा जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार बैठक में कहा गया कि 'सऊदी ने जो किया वह बहुत प्रभावी था। आप न केवल अपने दुश्मन से छुटकारा पाते हैं बल्कि आपके खिलाफ काम करने वाले लोगों को एक भयावह संदेश, चेतावनी भी भेजते हैं। हर ख़ुफ़िया एजेंसी ऐसा करती रही है। अपने शत्रुओं पर शक्ति डाले बिना हमारा देश मजबूत नहीं हो सकता। रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तानी जांचकर्ताओं ने आरोप लगाया कि हत्याओं को अंजाम देने के लिए अक्सर अपराधियों या गरीब स्थानीय लोगों को लाखों रुपये का भुगतान किया जाता था. दस्तावेजों में दावा किया कि हत्याओं की निगरानी करने वाले रॉ संचालकों की बैठकें नेपाल, मालदीव और मॉरीशस में भी होती रही है।

रिपोर्ट हालांकि पाकिस्तानी और भारतीय खुफिया विभाग के पूर्व अफसरों से बातचीत पर आधारित है लेकिन रिपोर्ट पढकर ऐसा नहीं लगता है कि सीधे-सीधे भारत को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की गई है। रिपोर्ट में इस तरह के तर्क रखे गए हैं कि भारत हो या कोई भी देश अपने देश में हो रहे आतंकी कार्रवाई को रोकने के लिए अपनी सुरक्षा को ध्यान में इस तरह कदम उठाता है। किंग्स कॉलेज लंदन के राजनीतिक वैज्ञानिक वाल्टर लाडविग कहते हैं कि रणनीति में कथित बदलाव मोदी की विदेश नीति के प्रति अधिक आक्रामक दृष्टिकोण के अनुरूप है और जिस तरह पश्चिमी देशों पर राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर विदेशों में हत्याओं का आरोप लगाया गया है, वैसे ही कुछ भारत ने भी किया

दरअसल लम्बे समय से आतंकवाद के दंश झेल रही भारत सरकार को भी लगा कि भारत के पास भी ऐसा करने का अधिकार हैं. अब विदेशों में हत्याओं का आरोप लगाया गया है कि इसी पैटर्न पर कुछ भारत ने भी किया। आप को बता दें कि जिस दिन यह रिपोर्ट छपी है उसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के जमुई लोकसभा में अरुण भारती के लिए वोट मांगते हुए कुछ ऐसा कहते हैं जिस पर यह रिपोर्ट मुहर लगाती है क्या यह महज संयोग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान का बिना नाम लिए कहते हैं कि छोटे-छोटे देश जो आज आटे के लिए तरस रहे हैं उनके आतंकी हम पर हमला करके चले जाते थे और तब की कांग्रेस दूसरे देशों के पास शिकायत लेकर जाती थी।पीएम मोदी ने कहा ऐसे नहीं चलेगा। आज का भारत घर में घुसकर मारता है.आज का भारत दुनिया को दिशा दिखाता है।

सवाल फिर ज्यो का त्यों वहीं खड़ा है कि आखिर देश में आम चुनाव के ठीक पहले एक विदेशी अखबार में एक जलते विषय पर ऐसे आलेख प्रकाशित करने के पीछे क्या कोई छिपा मंतव्य है? क्या गार्डियन पर भी विपक्ष गोदी मीडिया होने की तोहमत लगाएगा? क्या भाजपा के रणनीतिकार अब विदेशी मीडिया को भी साध रहे हैं? बेशक राष्ट्रवादी विचारों वाले वोटर को इस तरह की एक विदेशी अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट मनमोहक लग सकती है? भाजपा गार्डियन के इस लेख का इस्तेमाल सर्जिकल स्ट्राइक की पुष्टि के लिए कर रही है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने चुनावी भाषण में इस लेख का हवाला देते हुए जमकर जिक्र कर रहे हैं और पूछ रहे हैं कि गार्डियन गोदी मीडिया तो नही है? लेकिन यदि भारत सरकार पर विदेशों में अपने दुश्मनों को भाड़े के हत्यारों के मार्फत निबटाने का आरोप सही साबित होता है तो अंतरराष्ट्रीय मंच पर इस के दूरगामी विपरीत परिणाम भी हो सकते है और फिर हम किस मुहं से कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टुडो के उन आरोपों को गलत ठहराएंगे जो उन्होंने कनाडा में मारे गए खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों की हत्या पर लगाए थे? बेशक देश की अस्मिता और सुरक्षा के लिए साम दाम दंड भेद अंगीकार करना अनुचित नहीं है लेकिन तथापि भारत को लक्ष्य हासिल करने के लिए बहुत संतुलन बना कर चलना होगा।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

शिविर



हैदराबाद में एपिन सेंटर फॉर पेन रिलीफ एंड बियॉन्ड, डॉ. मीनल चंद्रा और टीम ने रविवार को सीएसआई ऑल सेंट्स चर्च में मुफ्त मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

# लोस चुनाव: महिला नेताओं के खिलाफ अभद्र बयानबाजी जारी; कंगना, हेमा और ममता बन चुकी हैं निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। चुनाव आते ही महिला नेताओं के खिलाफ अभद्र बयानबाजी का सिलसिला शुरू हो जाता है। ऐसा ही कुछ 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी देखने को मिल रहा है, जिसमें भाजपा की चर्चित उम्मीदवारों–हेमा मालिनी व कंगना रनौत और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी को निशाना बनाया जा चुका है। कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने बृहस्पतिवार को हेमा मालिनी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करके अपनी पार्टी और नेताओं को मुश्किल में डाल दिया, जिसके बाद राष्ट्रीय महिला आयोग तुरंत उनके खिलाफ निर्वाचन आयोग पहुंच गया।

पिछले महीने हरियाणा में एक रैली में की गई सुरजेवाला की टिप्पणी को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल कांग्रेस इस निम्नस्तरीय, लैंगिक टिप्पणी से एक नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। वहीं, सुरजेवाला ने कहा कि उन्होंने उसी वीडियो में यह भी कहा था कि हेमा मालिनी का बहुत सम्मान किया जाता है क्योंकि उन्होंने धर्मेंद्र जी से शादी की है और वह हमारी बहू हैं। कई साल पहले, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू यादव ने हेमा मालिनी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए दावा किया था कि वह बिहार की सड़कों को उनके गालों जितनी चिकनी बना देंगे। महिला अधिकार कार्यकर्ता रंजना कुमारी ने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, केवल प्रतिद्वंद्वी दलों के बीच नहीं, बल्कि राजनीतिक दलों के अंदर भी सभी महिला नेताओं को अपने पुरुष सहयोगियों से लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है। आप किसी भी महिला नेता से पूछ सकते हैं और वह आपको यही बताएगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर सुशीला रामास्वामी ने कहा कि आधुनिक समाज के लिए आवश्यक लैंगिक समानता और बहुलवाद भारत में अभी भी नवजात व महत्वहीन हैं। उन्होंने कहा, महिलाओं का प्रतिनिधित्व कई अन्य लोकतांत्रिक देशों की तुलना में बहुत कम है। वहां महिलाएं विशेषाधिकार प्राप्त और अच्छे परिवारों से हैं।

सुरजेवाला से पहले, उनकी पार्टी के नेता सुप्रिया श्रीनेत और एच.एस. अहीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर रनौत व उनके निर्वाचन क्षेत्र मंडी को जोड़कर





पोस्ट करने के लिए निशाने पर आ गए थे। श्रीनेत ने यह कहते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी हटा दी थी कि संबंधित पोस्ट उन्होंने नहीं किया था। इसके अलावा, कर्नाटक से कांग्रेस के विधायक शमनूर शिवशंकरप्पा ने भाजपा की गायत्री सिद्धेश्वरा के बारे में कहा कि वह केवल खाना बनाने के लायक हैं। भाजपा के दिलीप घोष ने बनर्जी के वंश पर टिप्पणी के लिए माफी मांगी। निर्वाचन आयोग ने श्रीनेत और घोष को नोटिस जारी किया, लेकिन ऐसा लगता है कि इस चुनावी मौसम के लिए इस तरह की टिप्पणियों के लिए पहले से तैयारी की गई थी। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि भारतीय राजनीति में सोनिया गांधी, मायावती, ममता बनर्जी, स्मृति ईरानी, जयाप्रदा और प्रियंका गांधी वाद्रा जैसी दिग्गज हस्तियां किसी न किसी समय आपत्तिजनक लैंगिक टिप्पणी का निशाना बनीं।

समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान ने 2019 में भाजपा नेता जयाप्रदा के बारे में अभद्र टिप्पणी की थी। उत्तर प्रदेश के रामपुर में एक रैली के दौरान खान ने कहा था, मैं उन्हें (जयाप्रदा को) रामपुर लेकर आया। आपको उनका असली चेहरा पहचानने में 17 साल लग गए लेकिन मुझे 17 दिन में पता चल गया कि वह खाकी अंडरवियर पहनती हैं। भारतीय राजनीति में स्त्री द्वेष पर चर्चा करते हुए महिला अधिकार कार्यकर्ता रंजना कुमारी ने कहा कि किसी महिला के शरीर पर टिप्पणी करके उसे नीचा दिखाना एक आम मानसिकता है। उन्होंने कहा कि हालांकि ऐसे मामलों में आरोपी महिलाएं अंततः माफी मांग लेती हैं, लेकिन पुरुष शायद ही कभी ऐसा करते हैं। इसी तरह की घटनाएं 2019 के आम चुनाव के दौरान देखी गईं जब राजनीतिक दिग्गजों ने अपनी महिला प्रतिद्वंद्वियों के बारे में अभद्र टिप्पणी करके उन्हें निशाना बनाया।

तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को घूंघट के पीछे रहने की सलाह दी थी। वहीं, भाजपा के एक अन्य नेता विनय कटियार ने कथित तौर पर पूछा था कि क्या कांग्रेस नेता सोनिया गांधी राहुल गांधी को सबूत दे पाएंगी कि उनके पिता राजीव गांधी थे। कटियार ने प्रियंका गांधी वाद्रा को भी निशाना बनाते हुए कहा था कि राजनीति में पहले ही बहुत ज्यादा खूबसूरत स्टार प्रचारक हैं। उसी वर्ष, अभिनेत्री से नेता बनीं उर्मिला मातोंडकर लैंगिक टिप्पणी का निशाना बनीं जब भाजपा के गोपाल शेट्टी ने कहा कि उन्हें उनके रंग–रूप के कारण टिकट दिया गया। भाजपा के दयाशंकर सिंह ने 2016 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती को वेश्या से भी बदतर कहा था। सिंह ने आरोप लगाया था कि मायावती ने पैसे लेकर टिकट बेचे थे। पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के तत्कालीन उपाध्यक्ष सिंह की टिप्पणी के परिणामस्वरूप केशव प्रसाद मौर्य और अरुण जेटली जैसे भाजपा नेताओं को संसद में मायावती से माफी मांगनी पड़ी थी।

# पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कुछ नेता सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं : इमरान खान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि उनकी पार्टी के कुछ नेता शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं। उन्होंने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पर कार्रवाई के बीच किसी से भी वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की है। 'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, खान ने यह टिप्पणी शनिवार को अल–कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। खान (71) ने कहा कि वह देश के लिए किसी से भी बातचीत करने को तैयार हैं। पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के संस्थापक इमरान खान ने कहा कि यदि वह सेना के पूर्व प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ बातचीत कर सकते हैं, तो वह देश के किसी भी व्यक्ति से मुलाकात कर सकते हैं। खान ने बाजवा पर अप्रैल 2022 में उनकी सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था।



खान ने कहा कि उनकी पार्टी के कुछ नेता बातचीत के लिए अभी भी (सैन्य) प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं। उन्होंने हालांकि इस संबंध में विस्तार से नहीं बताया। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनकी पार्टी को मिला जनादेश चुरा लिया गया है और पार्टी पर कब्जा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शक्तिशाली सेना से विवाद के बाद से खान की पार्टी को कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। खान ने कहा कि कथित तौर पर उन पर दबाव बनाने के लिए उनकी पत्नी बुशरा बीबी को निशाना बनाया जा रहा है और उन पर उंगली उठाने वाले लोग पार्टी को 'खत्म' करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। खान ने कहा कि उन्होंने कभी भी सेना के साथ टकराव नहीं किया है। उन्होंने दावा किया कि सेना के पूर्व प्रमुख ने उनकी 'पीठ में छुरा घोंपा'।

उन्होंने दावा किया था कि बाजवा उन्हें पद से हटाने के लिए अमेरिका समर्थित साजिश में शामिल थे। खान ने कहा कि देश 1970 के दशक जैसे हालात का सामना कर रहा है। मौजूदा सरकार के बारे में, खान ने दावा किया कि राजा पीछे बैठे हैं और (गृह मंत्री) मोहसिन नकवी उनके वायसराय के रूप में आगे हैं।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिन की उल्टी गिनती शुरू होने के अवसर पर योग महोत्सव, हजारों शामिल हुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 75–दिवसीय उल्टी गिनती रविवार को महाराष्ट्र के पुणे में योग महोत्सव से शुरू हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। पुणे के नौरोसजी वाडिया कॉलेज में मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) और आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोग सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के अभ्यास में शामिल हुए। आयुष मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक प्रतिभागियों द्वारा उत्साह का प्रदर्शन व्यक्तिगत और सामाजिक सुधार को बढ़ावा देने में योग के बढ़ते महत्व को रेखांकित करता है। महोत्सव को संबोधित करते हुए आयुष मंत्रालय के उप महानिदेशक सत्यजीत पॉल ने कहा, योग एक स्वस्थ और बेहतर कल की दिशा में एक वैश्विक आंदोलन है।

नासिक स्थित योग विद्या गुरुकुल के अध्यक्ष विश्वास मांडलिक ने कहा, योग भारत की समृद्ध विरासत का एक अद्भुत उपहार है, जिसने दुनिया को एक स्वस्थ स्थान बनाने में मदद की है। उन्होंने कहा, योग मूल रूप से एक आध्यात्मिक अनुशासन है जो अत्यंत सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित है।

वितरण



गुवाहाटी में मीरा बोरठाकुर गोस्वामी और महिमा सिंह प्रवक्ता एआईसीसी रविवार को गुवाहाटी में 'कांग्रेस गारंटी कार्ड' वितरित करते हुए।

# जून में बॉक्स ऑफिस पर धमाका करेगी कमल हासन की 'इंडियन-2'

मुंबई/एजेन्सी

कॉलीवुड सुपरस्टार कमल हासन की अपकमिंग सोशल ड्रामा फिल्म 'इंडियन 2' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म को लेकर लंबे वक्त से कयासों का दौर जारी है। निर्देशक शंकर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 23 साल पहले सिनेमाघरों में आई इसी जोड़ी की ब्लॉकबस्टर फिल्म इंडियन का सीक्वल है। पिछली फिल्म की तरह ही इस फिल्म में कमल हासन एक बार फिर देश की समस्याओं का मुद्दा उठाने वाले हैं। तमिल स्टार कमल हासन की मूवी 'इंडियन 2' की रिलीज को लेकर काफी लंबे वक्त से चर्चाएं चल रही थीं। मगर आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट सामने नहीं आ पा रही थी। अब मेकर्स ने लंबे इंतजार के बाद 'इंडियन 2' की रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है।

'इंडियन 2' की रिलीज डेट ने तहलका मचा दिया है। इस मूवी की निर्माता कंपनी ने एक धमाकेदार नया पोस्टर जारी कर कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' की रिलीज डेट का धांसू ऐलान किया है। सामने आए नए पोस्टर में कमल हासन व्हाइट कुर्ता और लुंगी में नजर आए हैं। साथ ही पोस्टर पर लिखा है कि ये मूवी जून 2024 में सिनेमाघर पहुंचने वाली है। हालांकि मेकर्स ने किसी तय तारीख का खुलासा अभी तक नहीं किया है। मगर तमिल फिल्मी गलियारों से उड़ती–उड़ती खबरों की मानें तो ये मूवी 12 जून को सिनेमाघर पहुंच सकती है।





लंबे वक्त से बन रही सुपरस्टार कमल हासन की मचअवेटेड पैन इंडिया रिलीज फिल्म 'इंडियन 2' को मेकर्स ने मोटी लागत से बनाया है। इस फिल्म का प्रोडक्शन पिछले करीब 4–5 साल से चल रहा है। बार–बार फिल्म की शूटिंग रुकने और मेकिंग में लगते लंबे वक्त की वजह से इसकी मेकिंग कॉस्ट पर भी खासा असर पड़ा है।

रिपोर्ट्स की मानें तो लायका प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले बनी निर्देशक शंकर की इस फिल्म को करीब 250 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। जो एक बेहद बड़ी रकम है। ऐसे में इस फिल्म के लिए जरूरी होगा ये सिनेमाघरों में जबरदस्त प्रदर्शन करे। हालांकि कमल हासन की फिल्मों के बढ़ते क्रेज को देखकर लगता है मूवी ये माइलस्टोन जल्दी ही पार कर लेगी।

# कंगना रनौत ने इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म 'इमरजेंसी' बनाने की वजह बताई

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी है। कंगना रनौत ने पूर्व भारतीय प्रधान मंत्री, श्रीमती इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म इमरजेंसी बनायी है। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। कंगना रनौत ने कहा, जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, चाहे वह इंदिरा गांधी हों या कोई अन्य महिला, मेरे मन में महिलाओं के लिए बहुत सहानुभूति है। मैं इस बात का दिखावा नहीं कर सकती और मेरे दिल में महिलाओं के लिए सम्मान भी है, इसलिए मैंने उनके लिए बहुत काम किया है। मैंने इंदिरा गांधी के पूरे जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाई है और जब आप एक कलाकार होते हैं तो हर चीज प्रेरणा का काम करती है। उन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने वह फिल्म बनाई।' इसलिए, जब यह सामने आएगा, तो मुझे लगता है कि हर किसी को यह पसंद आएगा। उन्हें इसे एक मनोरंजन फिल्म के रूप में देखना चाहिए।'



कंगना ने कहा,हमारे संविधान के साथ जो घटनाएं घटीं, उन घटनाओं के पीछे क्या कारण हैं, उन कारणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे भविष्य में हमारे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। एक नेता की विश्वसनीयता, गहरी छिपी सुरक्षा, असुरक्षा, ताकत या कमजोरी, सभी कारकों पर विचार किया जाना चाहिए जिससे भविष्य में हमारे संविधान में कोई हस्तक्षेप न हो। इसीलिए मैंने फिल्म इमरजेंसी बनाई।

कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, 'इमरजेंसी' में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाख नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, इस फिल्म का संगीत संचित बल्हारा द्वारा दिया गया है और पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिए गए हैं। 'इमरजेंसी' 14 जून 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है।



# फिल्म 'ससुराल का गुलाम' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

भोजपुरी सिनेमा के जानेमान अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत और अभिनेत्री यामिनी सिंह स्टार फिल्म ससुराल का गुलाम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ससुराल का गुलाम का ट्रेलर बी4यू भोजपुरी रिलीज किया गया है।इस फिल्म का निर्माण बी4यू मोशन पिक्चर के द्वारा हाई आईक्यू एंटरटेनमेंट एलएलपी के बैनर से किया गया है। फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल है, जबकि निर्देशक इश्तियाक शेख बंटी है। वहीं, फिल्मससुराल का गुलाम को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि यह फिल्म आज के समाज की हकीकत है और इस किरदार को जीवंत करने में हमने बेहद मेहनत की है। उम्मीद है कि लोगों को हमारी यह फिल्म पसंद आएगी। ऐसी फिल्में भोजपुरी के ग्राफ को बढ़ाने वाली हैं और इसके लिए मैं तत्पर हूं। यह फिल्म जब भी सिनेमाघर में आएगी तब मैं अपने भोजपुरी के तमाम दर्शकों से आग्रह करूंगा कि आप सब परिवार फिल्म को देखें और अपनी प्रतिक्रिया हमें सोशल मीडिया के माध्यम से जरूर दें।

फिल्म ससुराल का गुलाम में विक्रांत सिंह और यामिनी सिंह के साथ रजनीश झा, अनीता रावत, अमित शुक्ला, श्वेता वर्मा, विद्या सिंह, केके गोस्वामी, राकेश बाबू, दीपिका सिंह और आशुतोष मुख्य भूमिका में है जबकि बाल कलाकार के रूप में मास्टर श्रेयांश यादव ढोलू हैं। वही इस फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी ने लिखी है। संगीतकार ओम झा हैं और गीतकार अरविंद तिवारी के साथ प्यारेलाल यादव हैं। फिल्म में कोरियोग्राफी कानू मुखर्जी और सोनू प्रीतमने की है।

# संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती है नोरा फतेही

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती है। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही , हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी।नोरा फतेही ने जब संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास देखी तो उन्होंने भारत में हिंदी फिल्मो में काम करने का फैसला किया। नोरा फतेही ने कहा,भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं।कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे। नोर फतेही ने कहा, मैंने काफी डांस किया है, लेकिन भारतीय क्लासिकल डांस को इसलिए अभी तक नहीं छुआ, क्योंकि मैं चाहती थी कि जब मैं वह नृत्य करूं, तो सबसे बेस्ट लगूं और भव्य तरीके से उसे शूट किया जाए। ऐसा केवल संजय लीला भंसाली ही कर सकते हैं।





# फिल्म 'रुसलान' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म 'रुसलान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। आयुष शर्मा ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म लवयात्री से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह वर्ष 2021 में प्रदर्शित सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम: द फाइनल ट्रुथ में नजर आए थे। आयुष एक्शन अब एक्शन थ्रिलर फिल्म 'रुसलान' में नजर आयेंगे।फिल्म 'रुसलान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म 'रुसलान' के ट्रेलर की शुरुआत एक बैकग्राउंड आवाज के साथ होती है, जिसमें सुनाई देता है कि हर इंसान अपनी जिंदगी में कोई तो जंग लड़ता है। लेकिन जब लड़ाई अपनी पहचान की हो या तो वो सब कुछ हार जाता है या अपना नाम सबकी जुबान पर छोड़ जाता है। सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म 'रुसलान' का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, आयुष, रुसलान की कड़ी मेहनत, प्रयास और समर्पण को देख सकता है। चाहे कुछ भी हो, बस अपना सर्वश्रेष्ठ देते रहो। कड़ी मेहनत हमेशा रंग लाएगी। भगवान आपको आशीर्वाद दें और शुभकामनाएं दें। करण बुटानी के निर्देशन में बनी 'रुसलान' 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। श्री सत्य साईं आर्ट्स द्वारा निर्मित इसफिल्म में सुश्री मिश्रा और जगपति बाबू की भी अहम भूमिका है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

गत शनिवार को शहर के बड़े उद्यमी और समाजसेवी पारसमल बागरेचा के निवास पर एक गेट-टुगेदर में केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं लोकसभा चुनाव में बेंगलूरु उत्तर चुनावक्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार शोभा करंदलाजे ने उपस्थित जनसमूह एवं बागरेचा परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव के दिन 26 अप्रैल को सब काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करना है।



# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 250 लोग हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक होजरी एवं गारमेंट एसोसिएशन और बेंगलूरु राजपुरोहित संघ के संयुक्त तत्वावधान में यूनिक हेल्थ केयर सेंटर राजाजीनगर के सहयोग से रविवार को खेतेश्वर भवन तुलसी टोटा में निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हृदय, हड्डियों से संबंधित विभिन्न रोगों के लिए 250 रोगियों की जांच की गई। शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ पवन रसलकर, फिजिशियन डॉ अंकित भोजानी, ऑर्थोफेडिक सर्जन डॉ अमित कामत ने अपनी सेवाएं दी। इस शिविर के मुख्य सहयोगकर्ता खागा के अध्यक्ष प्रकाश भोजानी थे। सभी प्रायोजक, डॉक्टरों सहित राजपुरोहित संघ के अध्यक्ष चंपालाल राजपुरोहित का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर खागा अध्यक्ष प्रकाश भोजानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीएच राजपुरोहित, उपाध्यक्ष उगमराज खांटेड, पदमसिंह राजपुरोहित, सचिव कैलाश बालर, सहसचिव जोगेश जैन, सिद्धार्थ जैन, कोषाध्यक्ष गिरधारीसिंह राजपुरोहित, संयुक्त सचिव बिशनसिंह वीरणा, पूर्व अध्यक्ष नेमीचंद जैन, वसंत जैन, डूंगरमल चौपड़ा, गौतमचंद पोरवाल आदि उपस्थित थे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित हुआ स्वास्थ्य जांच शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर श्रीरामपुरम में गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. विद्यासागर रामप्पा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वरुण, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ .मंजुला गौड़ा, त्वचा विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार एवं दंत चिकित्सक डॉ .अंजना के निर्देशन में 26 लोगों की निःशुल्क रैंडम ब्लड शुगर एवं रक्तचाप जांच की गइ। चन्द्रादेवी देवेन्द्र गुलगुलिया परिवार के सौजन्य से आयोजित



इस शिविर में सेवा देने वाले डाक्टरों का सम्मान किया गया। शिविर में तेयुप से अध्यक्ष कमलेश गन्ना, कमलेश चौरड़िया एवं राजेश देरासरिया ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

# जीवन में सकारात्मक भाव होना जरुरी: आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कलबुर्गी। शहर के आदिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ में आयोजित प्रवचन में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी म.सा. ने कहा कि जिनके जीवन में आनंद के फूल खिल चुके है उन्हें कथा सुनने की कोई जरूरत नहीं है। जीवन में हमेशा मस्त, व्यस्त व चुस्त रहना चाहिए। जीवन में हमेशा सकारात्मकता रखनी चाहिए। जिसके जीवन में आनंद व शांति का वास रहता है उसके जीवन में हमेशा आनंद की बरसात होती है।



आचार्यश्री ने कहा कि जो व्यक्ति दुख सहकर भी चेहरे व भावों में सकारात्मकता का भाव रखता है उसके जीवन में कभी भी दुख घर नहीं करता अपितु शीघ्र ही चला जाता है। व्यक्ति को हर परिस्थिति में समभाव रखना चाहिए।

# महावीर जन्म कल्याणक में शामिल होने के लिए विभिन्न साधु साध्वियों से किया निवेदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन युवा संगठन(जेवाईएस) के प्रतिनिधिमंडल ने उपाध्यक्ष महावीर मुणोत के नेतृत्व में मंत्री मदन मुणोत, सहमंत्री विशाल गुगलिया, कोषाध्यक्ष मुकेश सुराणा, साधु साध्वी समिति सहचेयरमैन अर्चित पारेख, पूर्व उपाध्यक्ष दिलीप संचेती ने पार्श्व सुशील लब्धि धाम में विराजित आचार्यश्री अमरसेनसूरीश्वरजी, अजीतने सूरीश्वरजी, मनीषप्रभसागरजी, साध्वी अमृतप्रभाश्रीजी, वीरेशपद्मश्रीजी, प्रियसुतांजनाश्री आदि के दर्शन कर सभी साधु साध्वियों को शहर में आयोजित होने वाले प्रभु महावीर जन्म कल्याण महोत्सव में अपना सान्निध्य प्रदान करने के लिए निवेदन किया। संगठन के मंत्री जैन मदन मुणोत व पूर्व उपाध्यक्ष दीलिप संचेती ने चातुर्मास में आयोजित नवकार करे भवभव 11पार करोड नवकार, संघ स्थापना दिवस पर सामूहिक सामायिक दिवस और पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण आदि विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।

सभी साधु साध्वियों ने संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा अधिक से अधिक सामायिक, जप, तप व भगवान महावीर के सिद्धांत का अनुसरण करने की प्रेरणा दी।

# भारत के 12 सबसे बड़े कॉरपोरेट बकायेदारों के उत्थान, पतन की कहानी है 'द डर्टी डजन'

नयी दिल्ली। किताब 'द डर्टी डजन' में भारत के 12 सबसे बड़े कॉरपोरेट बकायेदारों के उत्थान और पतन की कहानी का पूरा ब्योरा दिया गया है। पत्रकार और लेखक एन सुंदरेशा सुब्रमण्यम की इस किताब का विमोचन आठ अप्रैल को होगा। इस किताब में भारतीय बैंकिंग प्रणाली में लगभग एक चौथाई खराब कर्ज के लिए जिम्मेदार कुटिल उद्योगपतियों का पर्दाफाश किया गया है। इसका प्रकाशन पैनमैकमिलन इंडिया ने किया है। किताब की कीमत 499 रुपये है। किताब के विवरण में लिखा है, विजय माल्या, नीरव मोदी और जतिन मेहता के साथ ही विभिन्न कॉरपोरेट बकायेदारों के आर्थिक दुस्साहस को दर्ज करते हुए लेखक वित्तीय अराजकता, राजनीतिक लूट और देश के कॉरपोरेट परिदृश्य को खराब करने वाले कदाचार के जटिल चक्रव्यूह को उजागर करते हैं।





# मतदाताओं को बूथ तक लेकर आना ही बड़ा काम : शोभा करंदलाजे

## बेंगलूरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार हैं केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। गत शनिवार को शहर के बड़े उद्यमी और समाजसेवी पारसमल बागरेचा के निवास पर एक गेट-टुगेदर में केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं लोकसभा चुनाव में बेंगलूरु उत्तर चुनावक्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार शोभा करंदलाजे ने उपस्थित जनसमूह एवं बागरेचा परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव के दिन 26 अप्रैल को सब काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करना है। इतना ही नहीं, अपने पड़ौसियों, साथियों को भी बूथ तक लेकर आना है। बूथ तक आने के बाद तो वे वोट अपने को ही देंगे, मोदीजी को जिताने के लिए ही देंगे, लेकिन वहां बूथ तक सबको लाना ही बड़ा काम है। करंदलाजे ने कहा, सही मायने में देखा जाए तो आज मोदी के सामने विपक्ष दूर दूर तक कहीं नहीं टिकता है। क्या मोदी को छोड़कर कोई उनको देश सौंपना चाहेगा जिनका परिवार दशकों तक सत्ता पर काबिज रहा लेकिन देश की दुर्दशा करता रहा। अब देश की जनता ने मोदीजी के काम को देखा है जिन्होंने केवल भारत ही नहीं पूरे विश्व में भारत का गौरव बढाया है। मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के हर उम्मीदवार को भारी मतों से जिताना जरूरी है।

इस अवसर पर कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधायक सीएन अश्वत्थनारायण ने भी प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व का गुणगान किया और बेंगलूरु उत्तर लोकसभा क्षेत्र की भाजपा उम्मीदवार शोभा करंदलाजे को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि शोभा करंदलाजे मोदी मंत्रिमंडल में केन्द्रीय मंत्री हैं लेकिन बेंगलूरु की स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए भी उपलब्ध रहती हैं। राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोया ने भी शोभा करंदलाजे की तारीफ की और उन्हें भरपूर समर्थन देने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि मोदीजी महिला शक्ति के कितने बड़े समर्थक हैं यह हम निरंतर देखते आ रहे हैं। राष्ट्रपति पद पर एक आदिवासी महिला को पहुंचाना मोदी शासन में ही संभव हो सका है। शोभा करंदलाजे को भी भविष्य में कितना बड़ा दायित्व मिल सकता है, हम कल्पना नहीं कर सकते। मोदीजी के दिमाग में क्या चल रहा होता है, कोई अनुमान नहीं लगा सकता।

अतिथि उद्बोधन के पूर्व मेजबान पारसमल बागरेचा ने तीनों अतिथियों का अपने विनम्र शब्दों से स्वागत किया, अतिथियों के व्यक्तित्व की सराहना की, उनके पुत्र सुरेश बागरेचा सहित सभी परिवारजनों ने अतिथियों का सम्मान किया।





# माहेश्वरी महिलाओं ने 'गणगौर का सिंजारा' कार्यक्रम में किया वयोवृद्ध जनों सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के माहेश्वरी महिला संगठन ने माहेश्वरी भवन में गणगौर का सिंजारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले आशा बिसानी, कल्पना बाहेती गणगौर मता के गीत गाए। संचालन वृंदा बागडी व श्वेता झंवर ने किया। अध्यक्षा श्वेता बियाणी ने सभी का स्वागत करते हुए नवयुवतियों को समाज की गतिविधियों में आगे आए पर जोर दिया। इसके अलावा उन्होंने संगठन द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रम रामनवमी उत्सव, आनन्द उत्थान मेला 2024 की जानकारी दी। वंदना दरक ने अपने पारम्पारिक गणगौर के गीत गाए।

इस मौके पर सीतादेवी भूतड़ा एवं लीला जाजू का वयोवृद्ध सम्मान प्रदान किया गया। अर्पिता झंवर एवं सुनीता मूंदड़ा ने दोनों वरिष्ठ महिलाओं का परिचय दिया। अनिता माखरिया ने सरप्राइज़ खेलों का संचालन करते हुए अनेक मनोरंजक खेल का आयोजन किया। रंजीता बूब, बेबी माही, मधू भूतड़ा, कविता पच्चीसिया, किरण सोनी, प्रिया झंवर ने राजस्थानी गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया। बिमला चांडक ने धन्यवाद दिया।

# सेवा ब्रिगेड फाउंडेशन की साधारण सभा में नई कोर कमेटी का गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय सेवा ब्रिगेड फाउंडेशन ने वार्षिक साधारण सभा, वर्ष 2024-25 कोर कमेटी का चुनाव एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में योर स्टोरी की संस्थापिका श्रद्धा शर्मा का फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रवीणकुमार पांडेय व अन्य सदस्यों ने सम्मान किया। इस मौके पर श्रद्धा शर्मा ने उपस्थित युवा सदस्यों को मानवता की सेवा के प्रति समर्पण के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। वार्षिक बैठक में आगामी 6 माह की योजनाओं पर चर्चा की। सीएसआर फंड पर भी चर्चा की




गई तथा गत वित्तीय वर्ष में आय व्यय की रिपोर्ट पेश की गई। अध्यक्ष प्रवीणकुमार पांडेय ने कहा कि फाउंडेशन ने पिछले 1 वर्ष में 15 स्वास्थ्य जांच कार्यक्रमों का आयोजन किया जिससे बड़ी संखि में लोग लाभान्वित हुए। इसके अलावा यातायात जागरूकता शिविर, सफाई अभियान, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, रक्तदान शिविर तथा अन्य मानवसेवी कार्यों की जानकारी दी गई। इसके अलावा नई कार्यकारिणी समिति की घोषणा करते हुए निदेशक प्रवीण पांडे को अध्यक्ष, मनोज गुप्ता को सचिव, अमित कुमार को महासचिव, सत्य पाठक को संयुक्त सचिव तथा राजीवकुमार और दिलीप मिश्रा को कोषाध्यक्ष व राजमणि सिन्हा को संयुक्त कोषाध्यक्ष बनाया गया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com



# जीतो मैसूर चैप्टर को प्राप्त हुए दो अवार्ड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। गोवा में आयोजित जीतो केकेजी जोन के तीन दिवसीय 'खुशियों की गारंटी 2.0' कॉन्क्लेव में जोन के जीतो के विभिन्न चैप्टरों ने अपनी अपनी रिपोर्ट पेश की। सभी चैप्टरों के कार्यों की समीक्षा व मूल्यांकन कर विभिन्न चैप्टरों को अवार्ड प्रदान किए गए।

उसी श्रृंखला में मैसूरु जीतो चैप्टर को दो अवार्ड प्राप्त हुए है। जीतो मुख्य विंग को गोल्डन अवार्ड तो जीतो लेडीज विंग को भी रनरउप अवार्ड से नवाजा गया। इस मौके पर जीतो चैप्टर के चेयरमैन कांतिलाल चौहान, मुख्य सचिव गौतम सालेचा, उपाध्यक्ष महेन्द्र कटारिया, कोषाध्यक्ष विनोद बाकलीवाल, सहसचिव प्रेम पालरेचा, केकेजी जोन संयोजक चन्द्रगुप्त कटारिया, लेडीज विंग चेयरपर्सन मोना भटेवरा, मुख्य सचिव रजनी डागलिया, यूथ विंग चेयरमैन पुनीत श्रीश्रीमाल, सचिव हेमंत जैन, सहसचिव पुनीत जैन ने अवार्ड प्राप्त किए ।

# शरद पवार, उद्धव ठाकरे के लिए राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





मुंबई। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के रफ्तार पकड़ने के बीच महाराष्ट्र की दो प्रमुख क्षेत्रीय पार्टियों के नेता शरद पवार और उद्धव ठाकरे अपने राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। यह चुनाव मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख अजित पवार के लिए भी परीक्षा के समान है, जिन्होंने अपने दलों में तोड़फोड़ की और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन में शामिल हो गए। लेकिन ठाकरे और शरद पवार के लिए चुनौती अधिक बड़ी है क्योंकि वे सत्ता से बाहर हैं और उन्होंने अपने दलों - क्रमशः शिवसेना और राकांपा का मूल नाम और चुनाव चिह्न भी गंवा दिया है। निर्वाचन आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा और शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को असली राकांपा और असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी है। वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक प्रकाश अकोलकर ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि दोनों नेताओं को चुनाव में प्रभावशाली प्रदर्शन करने की जरूरत है, अन्यथा उनके राजनीतिक अस्तित्व के लिए खतरा पैदा हो जाएगा।

अकोलकर ने कहा कि इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव तक अपने समूह को एकजुट रखने के लिए उद्धव ठाकरे के लिए जरूरी है कि उनके कम से कम छह-सात उम्मीदवार चुनाव जीतें। वरिष्ठ पत्रकार ने बताया कि ठाकरे को उतनी ही लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ना है जितनी सीट पर उनकी पार्टी ने तब चुनाव लड़ा था जब वह 2019 में भाजपा के सहयोगी थी तथा ठाकरे ने अबतक 21 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर ऐसा ही किया है जबकि कांग्रेस इनमें से कुछ सीट पर दावा कर रही थी।

महाविकास आघाडी (एमवीए) में शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे के तहत राकांपा (शरदचंद्र पवार) 10 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ रही है। लेकिन अकोलकर ने कहा कि शरद पवार के लिए अहम सीट उनके गृह क्षेत्र बारामती की है जहां उनकी बेटी और तीन बार की सांसद सुप्रिया सुले को अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। अकोलकर ने कहा, अगर शरद पवार बारामती हार गए तो उनका सब कुछ खत्म हो जाएगा। यह उनके और उनके भतीजे अजित के बीच की लड़ाई है। जहां 83 वर्षीय शरद पवार अपने पांच दशक से अधिक के राजनीतिक करियर में कभी चुनाव नहीं हारे, वहीं उद्धव ठाकरे ने कभी भी सीधा चुनाव नहीं लड़ा है। जब ठाकरे मुख्यमंत्री बने, तो वह विधान परिषद के लिए चुने गए थे। चुनावों से पहले, ठाकरे राज्य के विभिन्न हिस्सों की यात्रा कर रहे हैं और उनकी रैलियों को अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

वरिष्ठ पत्रकार अभय देशपांडे ने बताया कि चुनाव शरद पवार और उद्धव ठाकरे के इस दावे का भी इम्तिहान है कि उनके संबंधित दलों के पारंपरिक मतदाता और कैडर उनके प्रति वफादार हैं। देशपांडे ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं में भी सब कुछ ठीक नहीं है और यह देखना होगा कि क्या वे अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा और शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के उम्मीदवारों के लिए पूरे दिल से काम करते या नहीं है। उन्होंने कहा, राजनीतिक दलों में फूट कोई नई बात नहीं है। लेकिन विभाजन के बाद पहली बार विद्रोहियों ने मूल दलों पर कब्ज़ा कर लिया और उन्हें मान्यता मिल गई। पूर्व पत्रकार और अब उद्धव ठाकरे के करीबी सहयोगी हर्षल प्रधान ने दावा किया कि ये चुनाव वास्तव में भाजपा और उसके नेतृत्व के अस्तित्व को लेकर है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने विपक्षी दलों को कमजोर करने और डराने-धमकाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल किया और इनका तरीका यह है कि विपक्षी नेताओं पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाओ और फिर उन्हें पार्टी में शामिल कराओ।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com